हरिभूमि

# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शुक्रवार 12 जनवरी 2024

[ नर्मदापुरम | इटारसी | पिपरिया | पचमढ़ी | सोहागपुर | सिवनी-मालवा | माखननगर | बनखेड़ी ]

06 साप्ताहिक बाजार का बदला जाएगा स्थान



08 एक दिन धूप निकलने के बाद सुबह छाया ....



### स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 का रिजल्ट घोषित, नर्मदापुरम ने की अपनी स्थिति मजबूत

# शहर पहली बार 1 स्टार पर, सीवेज और रेमेडिएशन के नहीं मिले अंक

आखिरकार नर्मदापुरम शहर को पहली बार वन स्टार का दर्जा मिल ही गया। इसके पहले नर्मदापुरम शहर जीरों स्टॉर रैटिंग वाला शहर हुआ करता था। छ: वर्षो की उपलब्धि के बाद यह सफलता मिली है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदापुरम शहर को पहली बार वन स्टार का दर्जा मिला है। देश भर के शहरों में कड़े मुकाबले के बाद नर्मदापुरम को वन स्टार की उपलब्धि मिली है। इसके पहले नर्मदापुरम जीरों स्टार रैटिंग वाला शहर हुआ करता था। पिछले 6 वर्षो से इस उपलब्धि के नगर पालिका प्रयासरत था, जिसके बाद सर्वेक्षण 2023 के परिणाम आने पर नगर पालिका परिषद नर्मदापरम द्वारा अपनी स्थिति मजबूत की है नगर पालिका परिषद नर्मदापुरम द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 में नेशनल रैंकिंग 90 थी एवं महानगर हटाकर 382 शहर में से 68 रैंक प्राप्त की थी स्टेट रैंकिंग में 28 शहर में से 23 स्थान प्राप्त किया था। स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 अंतर्गत 1 लाख से ऊपर वाले सभी 446 शहर शामिल किए हैं जिसमें नगर पालिका नर्मदापुरम का 72 स्थान प्राप्त हुआ एवं स्टेट रैंकिंग में 32 में से 23 व स्थान प्राप्त हुआ है। नगर पालिका परिषद नर्मदा पुरम की 2023 की उपलब्धि शहर को खुले में शौच मुक्त हेतु ओडीएफ प्लस प्लस रिसर्टिफिकेशन एवम 1 स्टार का प्रमाण पत्र प्राप्त हुआ।

#### इस प्रकार मिले स्वच्छता में अंक

**सिटी रिपोर्ट कार्ड:** नगर पालिका को सिटी रिपोर्ट कार्ड में 94 प्रतिशत अंक हासिल हुए है जिसमें डोर टू डोर कचरा का प्रबंधन कैसे करना है इसके अंक शामिल है जिसमें नगर पालिका की बेहतर स्थिति है।

**कचरा अलग-अलग करना:** सोर्स सेग्रेशन को हिंदी में कचरे को अलग-अलग करने का काम किया जाता है जिसमें गीला कचरा और सूखा कचरा आता है। नगर पालिका की इसमें भी बेहतर स्थिति है और सोर्स सेग्रेशन के 93 प्रतिशत अंक मिल है।

**कचरे की प्रोसेसिंग व्यवस्था:** नर्मदापुरम में कचरे की प्रोसेसिंग व्यवस्था मालाखेड़ी में की जाती है। हालांकि इसके लिए नगर पालिका के पास जमीन नहीं है ऐसे में कमजोर व्यवस्था के लिए सर्वेक्षण में 50 प्रतिशत अंक मिल है।

**रेमेडिएशन:** नर्मदापुरम में कचरे की प्रोसेसिंग व्यवस्था नहीं है यानी कचरे का खत्म करने के उपाय। जिसके कारण नर्मदापुरम नगर पालिका इसके एवज में जीरों अंक मिले है। अगर घरों से निकलने वाले कचरे को खत्म करने के सही उपाए किए जाते तो नगर पालिका अंक तालिका में ओर बेहतर प्रदर्शन कर सकता था।

**क्लीनिंग:** नर्मदापुरम नगर पालिका को क्लीनिंग ऑफ रेसीडेंस और क्लीनिंग ऑफ मार्केट एरिया में बेहतर प्रदर्शन करने पर बेहतर अंक मिले है। नगर पालिका को इस दौरान 97 प्रतिशत अंक मिले है। सबसे ज्यादा ध्यान नगर पालिका द्वारा क्लीनिंग पर ही दिया गया है जिसके कारण घाट सहित शहर और रहवासी एरिया स्वच्छ और साफ है।

#### खास बातें

- स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 - 1 से ऊपर वाले शहर में 90 रैंकिंग थी
- स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 में 1 लाख से ऊपर वाले - 446 में से 72 रैंकिंग

#### सीवेज के 500, रेमेडिएशन 300 अंक ओर मिल सकते थे

नर्मदा नदी के किनारे बसा नर्मदापुरम वैसे धार्मिक नगरों में गिना जाता है, लेकिन यहां व्यवस्थाएं उतनी बेहतर नहीं होने के कारण सर्वेक्षण के रिजल्ट के अंक नहीं मिल पाते है।हालांकि इस बार बड़े- बड़े महानगरों को पीछे छोड़कर नर्मदापुरम ने स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 के रिजल्ट में वन स्टार का दर्जा ले लिया है और एक लाख से ऊपर वाली आबादी 446 शहरों में 72 वीं रैंक हासिल की है। ऐसे में अगर अधिकारी जीवंत नर्मदा की परिकल्पना मात्र कर लेते और शहर के बाहर लगे कचरे के ढेर हटाने में सफल होने के साथ ही सीवेज का काम कर पाते तो अंक तालिका में और ऊपर आ सकते थे। नर्मदापुरम नगर पालिका को रेमेडिएशन जीरों अंक मिले है।



# पूस की अमावस्या पर गिरा 4.5 डिसे दिन का पारा, नर्मदा तटों पर रही भीड़ कम

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

पूस माह की अमावस्या पर अमूमन हजारों की संख्या में श्रद्धालु नर्मदा के घाटों पर नर्मदा स्नान व पूजन पाठ के लिए पहुंचते हैं। लेकिन गुरूवार को पड़ी कड़ाके की ठंड ने श्रद्धालुओं को नर्मदा के घाटों पर नहीं पहुंचने दिया। बहुत ही कम संख्या में गुरूवार को अमावस्या पर श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई। हालांकि जो नर्मदा दर्शन को पहुंचे उन्होंनें भगवान सत्यनारायण की पूजन पाठ कर दरिद्रनारायणों को दान किया।

#### 4.5 डिग्री सेल्सियस दिन का तापमान

गुरुवार को दिन की शुरूआत कोहरे के साथ हुई, लेकिन दिन में चली सर्द हवाओं ने अधिकतम पारे में 4.5 डिग्री सेल्सियस की कमी ला दी। जिसके बाद तापमान 21.5 डिसे दर्ज हुआ। वहीं रात का तापमान मामूली गिरावट के साथ 15.7 डिसे रहा। मौसम विभाग से मिली जानकारी क अनुसार हवा का पेटर्न बदलने के कारण मौसम में परिवर्तन हो रहा है। पश्चिमी विक्षोभ के लगातार सक्रिय होने के कारण तापमान में उतार-चढ़ाव जारी है। मौसम वैज्ञानिक वैदप्रकाश ने बताया कि 16 जनवरी को दूसरा पशिमी विक्षोभ सक्रिय होने के आसार है। जिसके कारण हवा की दिशा भी परिवर्तित होगी। जिससे दिन के तापमान में गिरावट संभव है। वहीं रात के तापमान में ज्यादा गिरावट नहीं आएगी।

# प्राथमिक चयन में 188 युवा पाए गए योग्य



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

कलेक्टर सोनिया मीना के निर्देशानुसार गुरुवार को शासकीय नर्मदा महाविद्यालय नर्मदापुरम में रोजगार मेले का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि नगर पालिका, नपा अध्यक्ष नीतू यादव एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सोजान सिंह रावत की उपस्थिति में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

रोजगार मेले में बड़ी संख्या में बेरोजगार युवक-युवतियों ने भाग लिया। मेले में नाहर, मण्डीदीप नवकिसान बायोटेक, आईआई, एएचएम भोपाल, ट्राईलॉजिक एवं अन्य कंपनियों द्वारा सहभागिता कर 188 योग्य पाये गये युवक-युवतियों का प्राथमिक चयन किया गया। मेले में स्वरोजगार मूलक योजनाओं को संचालित करने वाले विभिन्न विभाग जैसे उद्योग विभाग, शहरी, ग्रामीण आजिविका मिशन,खादी और ग्रामोद्योग विभाग, अनुसूचित जाति-जनजाति, पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा विभागीय संचालियत योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई। मेले में पॉलिटेक्निक, शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, शासकीय नर्मदा महाविद्यालय एवं जिला रोजगार कार्यालय के धर्मेश तिवारी द्वारा अहम भूमिका निभाई गई।

*ऑटो चालकों ने रैली के माध्यम से दिया जागरुकता का संदेश*

# कलेक्टर ने हरी झंडी दिखाकर किया वाहन रैली को रवाना

### 17 जनवरी तक मनाया जाएगा सड़क सुरक्षा सप्ताह

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

जिले में 17 जनवरी तक सड़क सुरक्षा सप्ताह मनाया जा रहा हैं। इसी तारतम्य में गुरुवार को जागरूकता गतिविधियों के तहत विशाल ऑटो रैली का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में ऑटो चालकों ने उत्साह के साथ भाग लिया। कलेक्टर सोनिया मीना ने कलेक्ट्रेट से रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर में अपर कलेक्टर देवेंद्र कुमार सिंह, एडिशनल एसपी आशुतोष मिश्रा, डीएसपी ट्रैफिक संतोष मिश्रा, आरटीओ निशा चौहान, ऑटो यूनियन के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहें।

इस अवसर पर ऑटो चालक संघ द्वारा कलेक्टर का स्वागत किया गया। ऑटो चालकों द्वारा विभिन्न सड़क सुरक्षा संबंधी पोस्टर बैनर लेकर जागरूकता का संदेश दिया गया। साथ ही वाहन में जागरूकता के पोस्टर्स भी लगाए गए। कलेक्टर सहित अन्य अधिकारियों ने जिले के नागरिकों से सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने की अपील की गई। ऑटो रैली कलेक्ट्रेट से प्रारंभ होकर सतरस्ता, हलवाई चौक, पांडे हॉस्पिटल, इंदिरा चौक, बस्टैंड, मीनाक्षी चौक, हरियाली चौक होते हुए आरटीओ कार्यालय में समापन किया गया।



#### नियमों का पालन करें चालक

सड़क सुरक्षा सप्ताह के शुभारंभ अवसर पर ट्रैफिक डीएसपी संतोष मिश्रा और आरटीओ निशा चौहान द्वारा समस्त ऑटो रिक्शा चालकों और नागरिकों से यातायात नियमों को पालन करने, सीटबेल्ट- हेलमेट पहनने की संयुक्त अपील की गई है। उल्लेखनीय है कि 17 जनवरी तक चलने वाले सड़क सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत जागरूकता संबंधी विभिन्न कार्यक्रमों जैसे स्कूल कालेज में यातायात शिक्षा, चित्रकला प्रतियोगिता, चालकों का नेत्र परीक्षण जैसे कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे।

# नर्मदा जयंती और गौरव दिवस 16 फरवरी को

### दोनों कार्यक्रम एक साथ मनाने की तैयारी



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

मां नर्मदा की नगरी में नर्मदा जयंती महोत्सव और नर्मदापुरम का गौरव दिवस एकसाथ मनाने की तैयारियां जारी हैं। यह आयोजन 16 फरवरी को होगा। गुरूवार को सीएमओ नवनीत पांडे एवं नपा के अधिकारी कर्मचारियों द्वारा सेठानी घाट पर्यटन घाट मंगलवारा घाट पर किए जा रहे हैं। मरम्मत कार्य एवं साफ सफाई कार्य का निरीक्षण किया गया एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी द्वारा समस्त घाटों की साफ सफाई मरम्मत कार्य एवं पेंटिंग कराने के निर्देश दिए गए। नर्मदा जयंती महोत्सव को लेकर विधायक एवं कलेक्टर द्वारा समस्त विभागों के अधिकारियों के साथ आगामी दिवस में कलेक्टर कार्यालय में बैठक का आयोजन किया गया है। जिसमें नर्मदा जयंती महोत्सव को लेकर रूपरेखा तय की जाएगी।

#### नर्मदा को स्वच्छ बनाने नहीं हो रहे प्रयास

नर्मदा के घाटों को प्रतिदिन साफ किया जाता है लेकिन नर्मदा में मिलने वाले गंदे नालों को रोकने अभी तक कारगर उपाए नहीं किए गए है। नालों की गंदगी सीधे नर्मदा में समा रही है। नर्मदा की साफ सफाई करने के नाम जनप्रतिनिधि अपनी रोटी सेंकते हैं। जगह-जगह धार्मिक कार्यक्रम आयोजित हो रहे है। समाज सेवी संगठन श्रमदान कर नर्मदा के अस्तिस्व को बचाने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन प्रशासनिक अमला करोड़ों रूपए खर्च करके केवल एसटीपी प्लांट लगा रहा है और अपनी पीठ थपथपाने की कोशिश कर रहा है।

### आज होगा सामूहिक सूर्य नमस्कार का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

12 जनवरी को सामूहिक सूर्य नमस्कार का आयोजन किया जाएगा। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद जी के जन्म दिवस को युवा दिवस के रूप में मनाया जाएगा। इसके तहत 12 जनवरी को सामूहिक सूर्य नमस्कार का आयोजन जिला मुख्यालय सहित सभी विद्यालयों में किया जाएगा। जिला स्तरीय सूर्य नमस्कार कार्यक्रम सेठानी घाट पर सुबह 9 बजे से 10.30 के मध्य आयोजित किया जाएगा। इसके साथ ही जिले के प्रमुख पर्यटन स्थल धूपगढ़, मड़ई आदि स्थानों पर भी सामूहिक सूर्य नमस्कार किया जाएगा।

जिसमें प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव का संबोधन रेडियो के माध्यम से प्रसारित किया जाएगा। कलेक्टर सोनिया मीना ने उक्त जानकारी देते हुए मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं नोडल अधिकारी जिला पंचायत, समस्त जिला कार्यालय प्रमुखों, जिला शिक्षा अधिकारी, सहायक आयुक्त आदिम जाति, प्राचार्य अग्रणी शासकीय गृह विज्ञान महाविद्यालय, शासकीय नर्मदा महाविद्यालय, समस्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत, मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे सामूहिक सूर्य नमस्कार के आयोजन संबंधी आवश्यक कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।

#### राज्य स्तरीय मोगली उत्सव का हुआ समापन

नर्मदापुरम। जिला शिक्षा अधिकारी एवं वन विभाग द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय मोगली उत्सव पेंच अभ्यारण जिला सिवनी में आयोजित हुआ था। वन विभाग द्वारा आयोजित क्विज प्रतियोगिता में नर्मदापुरम के छात्र-छात्राओं द्वारा भाग लिया गया प्रतियोगिता में वरिष्ठ वर्ग से विशाल पटेल तथा संध्या गोस्वामी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। राज्य स्तरीय मोगी उत्सव प्रतियोगिता में नीरज गोरे सहायक संचालक लोक शिक्षण संचालनालय, एस के कुमरे जिला शिक्षा अधिकारी सिवनी, आरएस बघेल जिला शिक्षा अधिकारी छिंदवाड़ा उपस्थित रहे। वन अधिकारी अनिल कुमार मिश्रा द्वारा सभी छात्र-छात्राओं को मोगली चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र दिये।

#### आंतरिक समिति की बैठक आज

नर्मदापुरम। जिला स्तर पर आंतरिक समिति की बैठक का आयोजन 12 जनवरी को दोपहर 4 बजे से जिला पंचायत सभाकक्ष नर्मदापुरम में किया जाएगा। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत नर्मदापुरम ने उक्त जानकारी देते हुए समस्त विभाग प्रमुखों से कहा है कि वे अद्यतन जानकारी के साथ बैठक में अनिवार्य रूप से उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

### बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 पर जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित

# जिले को बाल विवाह मुक्त बनाने के लिए संकल्प दिलाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

15 जनवरी तक महिला सशक्तिकरण सप्ताह अर्तगत जिला, खंड एवं ग्राम स्तर विविध गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में गुरूवार को शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 पर एवं बाल अधिकारो पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत एसएस रावत द्वारा महिला सशक्तिकरण के बारे में प्रतिभागियों को जागरूक करते हुए कहा कि आज प्रत्येक सामाजिक, आर्थिक, राजनैतिक शैक्षिणिक एवं अन्य सभी क्षेत्रों में महिलाएं बराबर से अपनी प्रतिभागिता सुनिश्चित कर रही है। साथ ही बताया कि द्वारा समस्त प्रतिभागियो को बाल विवाह रोकने, बाल विवाह में सम्मिलित ना होने एवं जिले को बाल विवाह मुक्त बनाने हेतु



संकल्प दिलाया। सिटी मजिस्ट्रेट संपदा गुर्जर, द्वारा बालिकाओ को निरंतर अध्ययन कर अपनी रुचि एवं योग्यता अनुरूप क्षेत्र का चयन कर आगे बढ़ने के बारे में जागरूक किया। साथ ही बताया कि अपने आत्मविश्वास के साथ हर क्षेत्र में बालिकाए सफलता प्राप्त कर सकती है। कार्यक्रम में बाल संरक्षण अधिकारी विजय प्रताप सिंह चौहान, द्वारा बच्चों को बाल अधिकारों एवं बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के बारे में विस्तार से समझाया। बच्चों को उनके अधिकारों एवं अधिकारों के उल्लंघन पर शासन द्वारा स्थापित व्यवस्थाओ से अवगत कराने हेतु संक्षिप्त रूप में बाल कल्याण समिति किशोर न्याय बोर्ड, जिला बाल संरक्षण इकाई विशेष किशोर पुलिस इकाई एवं चाइल्ड हेल्पलाइन के कार्य दायित्वो से अवगत कराया। किशोर न्याय अधिनियम, लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम शिक्षा का अधिकार अधिनियम, बाल एवं किशोर श्रम अधिनियम, बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम आदि अधिनियम के बारे में बच्चों को सारगर्भित बातें संक्षिप्त में बताई गई। समन्वयक बचपन बचाओ आंदोलन सचिन चौरे द्वारा बच्चों को साइबर अपराधो के बारे में अवगत कराते हुए साइबर बुलिंग, साइबर स्टाकिंग, आदि के बारे में बताया गया। श्री चौरे द्वारा मुसीबत में पड़ने पर बच्चें किस प्रकार चाइल्ड हेल्प लाइन न 1098 का उपयोग कर सकते है। धर्मगुरुओं द्वारा भी अपने उद्बोधन में बाल विवाह जैसी कुरूति पर रोक लगाने एवं बाल विवाह में समस्त सेवाप्रदातो को अपनी सेवाएं प्रदान ना करने की अपील की। साथ ही इस अवसर पर जिले की 05 लाडली फेंडली पंचायतो ग्राम पंचायत साकेत, कुलामडी, निटाया, कांद्राखेड़ी एवं गुनौरा को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कक्षा 10 एवं 12 की मेघावी बालिकाओं - रिषिका बिल्लौरे, महिमा यादव, जयश्री चौहान, मनस्विनी द्विवेदी एवं सुहानी चौहान को बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजनान्तर्गत प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार राशि 5000 एवं 2500 प्रदान की गयी। शाला स्तर पर बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजनान्तर्गत रंगोली, भाषण एवं क्विज प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली बालिकाओं को भी प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में नपा अध्यक्ष नीतू यादव, सिटी मजिस्ट्रेट संपदा गुर्जर, पार्षद बिंदिया मांझी, विविध धर्मो के धर्मगुरु, प्रबंधक गायत्री शक्तिपीठ नर्मदापुरम अमृत लाल मिश्रा, परिव्राजक गायत्री शक्तिपीठ सुरेन्द्र कुमार सोनी, शहर काजी हाफिज मोहम्मद अशफाक अली, नायब काजी हाफिज अब्दुल कलीम, सुनीता दीदी ब्रहमकुमारी आश्रम, श्वेता चौबे आदि उपस्थित रहे।

# पत्थरों से भरी हुई तीन ट्रालियां वन विभाग ने की जब्त



हरिभूमि न्यूज ⏭ सेमरीहरचंद

समीपस्थ ग्राम प्रेमतला के पास से ग्राम मालिनी सोहागपुर की ओर जाती हुई तीन पत्थरों से भरी हुई। ट्रालियां वन विभाग द्वारा वन परिक्षेत्र कार्यालय सोहागपुर ले जाइ गई है।

सूत्रों से जानकारी मिली है कि ग्राम नया मालिनी के सरपंच मुकेश यादव द्वारा निर्माण कार्य में उपयोग करने के लिए पत्थरों से ट्रॉली भरवा कर परिवहन की जा रही थी। जिन्हें पकड़ा गया है।

## खबर संक्षेप

### गरीबों को मिले कंबल

**भौंरा।** लायंस क्लब द्वारा आदिवासी बाहुल ग्राम बानाबेहडा में जाकर गरीब बस्ती में रहने वाले परिवार को कंबल का वितरण किया गया। क्लब के सचिव लायन पराग राठौर ने बताया कि लायंस क्लब के अध्यक्ष लायन संजय शुक्ला के साथ क्लब के सदस्य अशोक अग्रवाल, राजेंद्र सिरोटिया, राजेंद्र साहू, डी डी पाटनकर, डी पी मिश्रा, महेंद्र सिरोटिया एवं मीरा धुर्व ने ग्राम बानाबेहडा में जाकर ठंड से बचाव के लिए गरीब परिवार में पंद्रह गरम कंबल का निशुल्क वितरण किया।

### नर्मदापुराण भागवत कथा का विश्राम

**शाहपुर।** मां माचना नदी के पावन तट पर चल रही नर्मदा पुराण कथा के विश्राम दिवस के अवसर पर सुश्री नित्या किशोरी शर्मा के द्वारा नर्मदा की परिक्रमा की कथा सुनाई गई। एवं भगवान भोलेनाथ के हर कंकर में शंकर होने की कथा का वृतांत सुनाया गया। एवं भक्ति भजन की इस श्रंखला में विदाई गीत सुनाया गया ।जिससे कथा वाचक सुश्री नित्या शर्मा भावविभोर हों उठी और उनकी आंखों से आंसू बहने लगे ।यह उनका भक्तों के प्रति प्रेम और लगाव है। भक्त भी उनके प्रति असीम प्रेम रखते हैं। सभी भक्तों ने बहुत ही प्यार एवं एवं भक्ति भाव से कथा का श्रवण किया ।एवं अंत में व्यासपीठ का पूजन अर्चन कर भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। अपार संख्या में लोग भंडारे का प्रसाद ग्रहण करने आसपास के ग्राम से उपस्थित हुए। जिसमें नगर शाहपुर के नगर परिषद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, पार्षद वरिष्ठ नागरिक माताएं, बहने, महिलाएं, बच्चे, बुजुर्ग सभी कथा का पुण्य लाभ प्राप्त करने के लिए चल रही भागवत कथा के पंडाल में पहुंचे। नर्मदा पुराण भागवत कथा को विधिवत करने वाले समिति के सभी सदस्यों ने, कथा वाचिका से, लेकर टेंट, साउंड वाले पदमेश राठौर शाहपुर, तबला वादक, हारमोनियम पैड मंगल प्रजापति इटारसी, ढोलक वादक, और भजन गीत गाने वाले सभी महानुभावों का हृदय से अंग वस्त्र देकर स्वागत और विदाई की।

### जेल के 12 बंदी ऑनलाइन परीक्षा में हुए उत्तीर्ण

**बैतूल।** जेल का नाम सुनते ही जेहन में अपराध एवं अपराध करने वाले असामाजिक तत्वों की छवि प्रतिबिंबित होने लगती है, लेकिन इसके विपरीत बंदियों के कौशल विकास हेतु जेल में संचालित आईटीआई के बंदियों को ऑनलाईन परीक्षा में सम्मिलित करवाकर बंदियों को समाज की मुख्य धारा से जोडने का कार्य जेल प्रशासन द्वारा किया जा रहा है।जेल अधीक्षक योगेन्द्र कुमार तिवारी के निर्देशन में जेल आईटीआई में कौशल विकास क्षेत्रीय कार्यालय भोपाल द्वारा नियुक्त आब्जर्वर राघवेन्द्र सिंह ठाकूर व इंविजीलेटर सचिन सरले द्वारा 02 जनवरी 2024 से 10 फरवरी 2024 तक आईटीआई की कारपेंटर, ट्रेक्टर मेकेनिक व वायरमेन व्यवसाय की ऑनलाईन परीक्षा का आयोजन किया गया। जिसमें कारपेंटर व्यवसाय के 05, ट्रेक्टर मेकेनिक 02 व वायरमेन व्यवसाय के 05 कुल 12 बंदी उत्तीर्ण हुये।

### प्रोजेक्ट कन्यादान के अंतर्गत बेटी के विवाह में की मदद

**बैतूल।** महावीर इंटरनेशनल संकल्प ने प्रोजेक्ट कन्यादान के अन्तर्गत एक गरीब महिला की गोद ली हुई बेटी के विवाह में मदद की। दुल्हन को साड़ी, आर्टिफिशियल ज्वेलरी, मेकअप का सामान, बेड शीट, क्राकरी, स्टील के बर्तन, स्टील की बोतल, कुकर, सूटकेस, मिक्सर और 5100 नगद कन्यादान स्वरूप भेंट किए। इस अवसर पर महावीर इन्टरनेशनल संकल्प की वीरा सरला तातेड़, वीरा पूनम मेहता, वीरा शर्मिला पारख, वीरा अर्चना अग्रवाल, वीरा साधना गोठी, वीरा मंजू गोठी, वीरा कल्पना गोठी, वीरा श्रुति रांका, वीरा प्रतिभा लुहाड़िया, वीरा मीनाक्षी लुहाड़िया उपस्थित थे। इस मौके पर बेटी की खुशी और आंखो में सुनहरे भविष्य के सपने, मां और मौसी की आंखों में खुशी के आंसू देखकर सभी वीरा भाव विभोर हो गई। सभी ने बेटी को उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

---

### कलेक्टर ने लिया जायजा, दिए दिशा-निर्देश, 16 जनवरी से चलेगी अतिक्रमण विरोधी मुहिम

# साप्ताहिक बाजार का बदला जाएगा स्थान






हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलताई

साप्ताहिक बाजार का स्थान परिवर्तन किया जाना है बाजार के नए स्थान को लेकर नवागत जिला कलेक्टर नरेंद्र कुमार सूर्यवंशी ने अपने प्रथम नगर आगमन पर नगर की सीमा से लगी शासकीय भूमियों का जायज लिया और नगर पालिका, राजस्व विभाग सहित स्थानीय अधिकारियों को बाजार स्थल परिवर्तन को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

और इसके साथ ही अब यह तय हो गया है कि स्टेट बैंक स्कूल की भूमि पर लगने वाले साप्ताहिक बाजार का स्थल परिवर्तन किया जाना है। जिला कलेक्टर ने राम मंदिर ट्रस्ट भूमि मेला स्थल, सोनाली रोड की शासकीय भूमि, कब्रिस्तान के बाजू से गुजरने वाले पुराने नागपुर रोड विद्युत विभाग मुख्य कार्यालय के पीछे पंचायत ट्रेनिंग के सामने की भूमि एवं कमाथ मार्ग पर स्थित पुराना नागपुर रोड शासकीय भूमि का जायजा लिया जिसमें से दो स्थानों को चयन कर साप्ताहिक बाजार का स्थल परिवर्तन कर नए स्थलों पर साप्ताहिक बाजार की व्यवस्था निर्माण के लिए स्थानीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

#### साप्ताहिक बाजार के लिए दो स्थानों का चयन

जिला कलेक्टर ने साप्ताहिक बाजार के लिए नगरीय क्षेत्र की सीमाओं से लगे पांच स्थानो का जायजा लिया इसके बाद पंचायत ट्रेनिंग सेंटर के सामने पूर्व में डेवलप की गई नगर पालिका की भूमि पर अथवा कब्रिस्तान के समीप से गुजरने वाले पुराने नागपुर रोड की भूमि पर साप्ताहिक बाजार की व्यवस्था निर्माण के आदेश स्थानीय राजस्व एवं नगर पालिका अधिकारियों को दिए । यह पुराना मार्ग 80 फीट चौड़ा है जिस पर अतिक्रमण किया जा रहा है जिला कलेक्टर ने यहां से अतिक्रमण हटाए जाने का भी कहा है। अब यह कहां जा सकता है कि साप्ताहिक बाजार को इन दोनों स्थानों में से कहीं एक स्थान पर शिफ्ट किया जाना है और जिसकी प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है।

#### ताप्ती मंदिर पहुंचे जिला कलेक्टर

*अपने प्रथम नगर आगमन के अवसर पर सबसे पहले जिला कलेक्टर नरेंद्र कुमार सूर्यवंशी ताप्ती मंदिर पहुंचकर मा ताप्ती की पूजा अर्चना की इसके उपरांत वह मध्य प्रदेश संस्कृत विभाग द्वारा आयोजित तीन दिवसीय ताप्ती महोत्सव की तैयारी को देखने हाई स्कूल ग्राउंड स्टेडियम पहुंचे इसके उपरांत तहसील कार्यालय पहुंचकर स्थानीय अधिकारियों से चर्चा की इस अवसर पर तृप्ति पटैरया अनुविभागीय अधिकारी राजस्व ,सुरेश पाल सिंह एसडीओ पुलिस ,प्रज्ञा शर्मा थाना प्रभारी , अनामिका सिंह तहसीलदार ,राजेश राय एसडीओ लोक निर्माण विभाग मुलताई आर के इवनाती मुख्य नगर पालिका अधिकारी, उपयंत्री योगेश आनेराव, जी आर देशमुख, रवि पदम आर आई, मुकेश भारत पटवारी, सोबत धुर्वे पटवारी उपस्थित थे।*

#### मुख्य मार्गों से हटाया जाएगा अतिक्रमण

नगर भ्रमण पर आए जिला कलेक्टर नरेंद्र कुमार सूर्यवंशी ने अपने प्रथम दौरे के दौरान अतिक्रमण की स्थिति को देखते हुए स्थानीय अधिकारियों को तत्काल अतिक्रमण हटाए जाने के निर्देश दिए हैं। नगर पालिका में जिला कलेक्टर के आदेश के परिपालन की कार्रवाई प्रारंभ कर दी है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी आरके इवनाती ने इस पर अमल करते हुए नगर के दुकानदारों को 3 दिन के अंदर अतिक्रमण हटा लिए जाने की सूचना जारी कर दी है। जी.आर देशमुख ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला कलेक्टर के आदेश के बाद नगर के सभी दुकानदारों को स्वेच्छा से तीन दिवस के अंदर अतिक्रमण हटाए जाने के लिए कहा गया है।



इसकी जानकारी सर्वसाधारण को दी जा रही है सूचना में बताया गया है कि शहर के मार्गों पर संबंधी द्वारा किया गया वैधानिक रूप से अतिक्रमण एवं दुकान के सामने रखा सामान रखकर विक्रय किए जाने वाली समस्त सामग्री को अपने दुकानों के अंदर व्यवस्थित रूप से रख कर अतिक्रमण हटाले अन्यथा तीन दिन के पश्चात अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की जाएगी। इसके लिए संबंधित स्वयं जमीदार होगा। देशमुख ने बताया कि तीन दिवस की समय सीमा समाप्त होने के बाद में प्रथम पुलिया से लेकर नाका नंबर एक और स्टेशन रोड का अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जाएगी।

#### अतिक्रमणकारियों ने राष्ट्रीय स्मारक, शिलालेखों को भी नहीं छोड़ा

मुलताई नगर में अतिक्रमण की स्थिति निरंतर बिगड़ती जा रही है विशेष तौर से धार्मिक क्षेत्र ताप्ती परिक्रमा मार्ग, मुख्य मार्ग और स्टेशन रोड के साथ ही जैन कोल्डिंग रोड की स्थिति बहुत ही खराब होती जा रही है। परिक्रमा क्षेत्र में तो लोगों ने राष्ट्रीय जयस्थभ चौक जॉकी 15 अगस्त 1947 की याद में बनाया गया था एवं यहीं पर लगा शीला लेख जिस पर वर्ष 1911 ताप्ती सरोवर के सुधार कार्य में अनुदान देने वालों के नाम लिखे हैं को भी नहीं छोड़ा इसे पूरी तरह से अतिक्रमण से ढक दिया गया है। एक और जहां संपूर्ण देश में फुटपाथ पैदल चलने वालों के लिए बनाया जाता है वही मुलताई नगर मे बना फुटपाथ व्यापारियों के अतिक्रमण के लिए बनाया जाता है जहां व्यापारी दुकान खोलते ही सबसे पहले अपने दुकान का की सामग्री यहां रखते हैं इसके बाद उनके ग्राहकों के वाहन और इसके बाद अगर रास्ता शेष रहे तो लोग आवा गमन कर सकते हैं और यही कारण है कि नगर के मुख्य मार्ग जो की मुख्य व्यापारिक क्षेत्र है यहा हर घंटे जाम लगता है।

---

## युवक का घर में फंदे पर लटका मिला शव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मूलताई



ग्राम जौलखेड़ा में एक युवक का शव अपने घर में फांसी के फंदे पर लटका मिला। ग्राम जौलखेड़ा निवासी ग्राम कोटवार चंद्रकला पति किशोरी लाल चौकीकर ने पुलिस थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया गुरुवार सुबह वह पड़ोसी राजेश पिता रामा चौकीकर 35 साल के घर के सामने से जा रही थी । उस दौरान राजेश के घर का दरवाजा खुला हुआ था और घर में कुत्ते घुस रहे थे। जिसके चलते चंद्रकला ने राजेश को आवाज देकर कुत्तों को भगाने के लिए कहा लेकिन राजेश के नही आने के चलते घर के अंदर गई। तो राजेश घर में छत में रस्सी के फंदे पर फांसी पर लटका हुआ दिखा। चंद्रकला की सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। पुलिस ने बताया प्रथम दृष् युवक द्वारा बुधवार देर रात में फांसी लगाकर जान देने का मामला सामने आ रहा है। राजेश ने किन परिस्थितियों में फांसी लगाई । इसका अभी खुलासा नहीं हुआ है। पुलिस घटना की जांच कर रही है।

## शासकीय एकलव्य महिला आईटीआई में किया उद्यमिता व कैरियर मार्गदर्शन कार्यक्रम का आयोजन, शामिल हुए कई प्रशिक्षणार्थी

### राज्यस्तरीय जनजातीय चित्रकला प्रतियोगिता में 60 प्रशिक्षणार्थियों ने लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल




राष्ट्रीय युवा दिवस एवं मकर संक्रांति उत्सव अंतर्गत शासकीय एकलव्य महिला आईटीआई में गुरुवार को उद्यमिता एवं कैरियर मार्गदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान राज्य स्तरीय जनजातीय चित्रकला प्रतियोगिता भी आयोजित की गई, जिसमें 60 प्रशिक्षणार्थियों ने भाग लिया।

संस्था प्राचार्य रेवाशंकर पंडाग्रे ने बताया कि शासकीय एकलव्य महिला आईटीआई में मुख्यमंत्री की प्रेरणा से राष्ट्रीय युवा दिवस एवं मकर संक्रांति उत्सव अंतर्गत विविध कार्यक्रमों का आयोजन 11 जनवरी से 15 जनवरी 2024 तक किया जा रहा है। इसी के तहत उद्यमिता एवं केरियर मार्गदर्शन कार्यक्रम में सहायक संचालक उद्योग विभाग सुश्री ओजस्वी टेमरे द्वारा प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम एवं मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना की विस्तार से जानकारी देते हुए उपस्थित छात्र-छात्राओं को उद्यमिता के क्षेत्र में आगे आने हेतु प्रेरित किया। साथ ही परीक्षाओं की तैयारी हेतु मार्गदर्शन देते हुए बताया कि यदि हमारे अंदर संकल्प जाग जाए तो वह अवश्य पूरा होता है। विषम परिस्थितियां प्रत्येक के जीवन में आती रहती है। उससे सामना करने की दृढ इच्छा शक्ति हो तो समाधान अवश्य हो जाता है।

#### जनजातीय चित्रकला की दी जानकारी

प्रिया आर्ट अकेडमी बैतूल के तत्वाधान में राज्य स्तरीय जनजातीय चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें प्रिया आर्ट अकेडमी के संचालक मनोज तिवारी उपस्थित हुए प्रतियोगिता में संख्या के 60 प्रशिक्षणार्थियों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर मनोज तिवारी द्वारा जनजातीय चित्रकला के संबध में व्यापक मार्गदर्शन देते हुए बताया कि इस क्षेत्र में व्यापक संभावनाएं है और बैतूल जिले की प्रतिभाओं को राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर आगे लाने की आवश्यकता है। लायन्स क्लब की जोन चेयरपर्सन श्रीमती कंचन आहूजा, प्रत्याशा फाउंडेशन संचालिका तूलिका पचौरी प्रतिभागियों के उत्साहवर्धन के लिये अतिथि के रूप में उपस्थित रही। श्रीमती कंचन आहुजा एवं तूलिका पचौरी ने सभी प्रतिभागियों द्वारा बनाई गई चित्रकारी की प्रशंसा करते हुए जल्द ही उपस्थित प्रतिभागियों के लिये कार्यशाला आयोजित करने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में संस्था प्राचार्य रेवाशंकर पंडाग्रे द्वारा उपस्थित अतिथियों द्वारा संस्था के प्रशिक्षणार्थियों को दिये गये मार्गदर्शन के लिए आभार व्यक्त करते बताया कि मुख्यमंत्री की अभिनव प्रेरणा से आयोजित कार्यक्रमों में प्रशिक्षणार्थियों द्वारा बढ़ चढकर भाग लिया जा रहा है। इसी कड़ी में युवा दिवस कार्यक्रम, खेल कुद प्रतियोगिता एवं क्यूज प्रतियोगिता का आयोजन संस्था में किया जा रहा है। कार्यक्रम का सफल संचालन संस्था की प्रशिक्षण अधिकारी श्रीमती विनिता पाटील द्वारा किया गया। इस अवसर पर संस्था के प्रशिक्षण अधिकारी राघवेंद्र ठाकुर आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## 10 दिवसीय बाबा मठारदेव मेले का आज होगा शुभारंभ

### सांसद विधायक होंगे बाबा मठारदेव महाराज मेले में शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारनी

श्री श्री 1008 बाबा मठारदेव महाराज मेले का आज शुभारंभ होगा।इस मेले का शुभारंभ 12 जनवरी को किया जाता है और इसका समापन 22 जनवरी को होगा।नगर पालिका परिषद सारनी के माध्यम से श्री श्री 1008 बाबा मठारदेव महाराज मेले का आयोजन किया जाता है।इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बैतूल हरदा संसदीय क्षेत्र के सांसद दुर्गादास उनके, विशिष्ट अतिथि के रूप में आमला विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉ. योगेश पंडाग्रे,विशेष अतिथि में बैतूल विधानसभा के विधायक हेमंत खंडेलवाल,भैसदेही विधायक महेंद्र सिंह चौहान,मुलताई विधायक चंद्रशेखर देशमुख और घोड़ाडोगरी विधायक गंगा सज्जन सिंह उइके होगी।

कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पालिका अध्यक्ष किशोर बरदे के माध्यम से किया जाएगा कार्यक्रम का शुभारंभ 12 जनवरी को 10 बजे हवन पूजन के साथ 11:30 बजे मेले का शुभारंभ किया जाएगा नगर पालिका परिषद सारनी के माध्यम से बाबा मठारदेव समिति द्वारा आयोजित रामसत्ता प्रतियोगिता की विजेता एवं उपविजेताओं को नगर पालिका परिषद सामने द्वारा सम्मानित करने का कार्य किया जाएगा।रामसत्ता का शुभारंभ 14 जनवरी को शाम 7 बजे से रात्रि 9 बजे तक आयोजित होगा।

**49 वर्षो से लगातार आयोजित हो रहा है बाबा मठारदेव का मेला:** श्री श्री 1008 बाबा मठारदेव महाराज मेले का शुभारंभ 12 जनवरी सन 1975 को गिनती की दुकानों के माध्यम से शुरू किया गया था और इन 49 वर्षों में यह मेले का शवरूप बडा हो चुका है।अब बैतूल जिले के अलावा छिंदवाड़ा,होशंगाबाद सहित पड़ोसी राज्य महाराष्ट्र के कई जिलों के श्रद्धालु बाबा मठारदेव मेले में पहुंचकर तलहटी एवं शिखर मंदिर पर बाबा भोले के दर्शन करके उनका आशीर्वाद प्राप्त करने का कार्य करते हैं।नगर पालिका परिषद सारनी के माध्यम से इस मेले में साफ सफाई सहित विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी आयोजित करती है।जिसमें विराट हास्य कवि सम्मेलन सारेगामा म्यूजिकल भजन संध्या सहित विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन मेला प्रांगण में आयोजित किया जाएगा सुरक्षा व्यवस्था के लिए नगर पालिका परिषद सारनी के माध्यम से विभिन्न स्थानों पर 50 से अधिक कैमरे लगाए गए हैं ।

#### 5 वर्ष तक जो यहां पर ध्वजारोहण करता है उसके बाद उसका भविष्य खत्म

*31 दिसंबर 1978 को नगर पालिका परिषद सारनी की स्थापना हुई और 12 जनवरी सन 1975 से लगातार बाबा मठारदेव का मेला लगता चला आ रहा है।जबकि 1994 तक नगर पालिका परिषद सारनी में प्रशासनिक अध्यक्ष नियुक्त हुआ करते थे 1994 के बाद नगर पालिका परिषद सारनी में निर्वाचित अध्यक्ष चुने गए नगर पालिका परिषद सारनी का इतिहास रहा है कि जो भी नगर पालिका अध्यक्ष की कुर्सी पर विराजमान होता है।उसके बाद उसकी राजनीतिक केरियर उसके राजनीतिक भविष्य का अंत हो जाता है। 1994 से लेकर अभी तक नगर पालिका परिषद सारनी में जो जो अध्यक्ष बने हैं और जिन्होंने बाबा मठारदेव के तलहटी मंदिर के ध्वज का रोहन करने का कार्य किया है समझिए कि उसने अपने राजनीतिक केरियर की हत्या करने का कार्य किया है।यदि हम बात करें इतिहास के झरोखों की तो नगर पालिका परिषद सारनी के प्रथम भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष शेषराव हुडमरे, हुआ करते थे उसके बाद निर्दलीय प्रत्याशी योग्यता डोईफोडे, उसके बाद भारतीय जनता पार्टी के मनोज डेहरिया, भारतीय जनता पार्टी के मीनाक्षी महोबे और निर्दलीय प्रत्याशी आशा भारती नगर पालिका परिषद सारनी के अध्यक्ष का प्रतिनिधित्व कर चुकी है ।*

### जीडी खंडेलवाल ट्रस्ट के माध्यम से सेवा कार्य

## समाजसेवी राजीव खंडेलवाल ने 92 स्कूली बच्चों को वितरित किए स्वेटर, खिले बच्चों के चेहरे

**बैतूल।** कड़ाके की ठंड में स्वेटर के अभाव में छोटे बच्चे स्कूल जाने की जहमत नहीं उठा पाते हैं। ऐसे में सरकारी स्कूल के बच्चों को स्वेटर मिलने पर उनके चेहरे खुशी से खिल उठे। वरिष्ठ समाजसेवी राजीव खण्डेलवाल परिवार ने बैतूल विकासखंड के अंतिम छोर की शाला शासकीय एकिकृत माध्यमिक शाला चिचढाना में स्कूली बच्चों को स्वेटर का वितरण किया। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भडूस में पदस्थ संजय धुर्वे ने बताया सतपुडा की सुरम्य वादियों के बीच आस्था के प्रतीक बारहलिंग तट पर बसे ग्राम चिचढाना में सुबह से दोपहर तक कोहरा छाया रहता है। ग्रामीण अंचल की शाला में अध्ययनरत छात्रों को कडकढ़ाती ठंड में बिना स्वेटर के स्कूल जाते देख समाजसेवी राजीव खंडेलवाल ने विगत वर्षों से बच्चों को ठंड से बचाने के लिए यह सराहनीय कदम उठाया। स्वेटर वितरण के दौरान शालाओं में गरीबी के चलते छात्रों के पास में शिक्षण सामग्री का अभाव पाया तो उन्होंने प्रण किया कि अब वे अपनी आय का कुछ हिस्सा इन गरीब, असहाय छात्रों के शिक्षण कार्य में दान देकर उनके भविष्य को उज्जवल बनाने में सहयोग प्रदान करेंगें। उन्होंने 92 छात्रों को स्वेटर का वितरण किया। शिक्षक संजय धुर्वे ने बताया विगत तीन वर्षों से खंडेलवाल परिवार दानवीर कर्ण की तरह जी.डी.




खंडेलवाल ट्रस्ट के माध्यम से कक्षा पहली से कक्षा आठवी तक अध्ययनरत छात्रों को गोद लेकर उन्हें समस्त शिक्षण सामग्री वितरित करते हैं। राजीव खंडेलवाल एवं उनके सुपुत्र योगी खंडेलवाल कक्षा पहली से कक्षा आठवी तक प्रथम श्रेणी एवं द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण छात्रों कों प्रतिवर्ष चिचढाना जाकर 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सम्मानित करते है। साथ ही साल में दो से तीन बार शाला में उपस्थित होकर छात्रों की अन्य आवश्यकता एवं शिक्षा के स्तर संबंधी जानकारी भी प्राप्त करते है। स्वेटर वितरण अवसर पर विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी आशीष नवीन प्रहलादी, विकास खण्ड स्त्रोत समन्वयक एन.एल आठोले, मंगल उईके, छात्र-छात्राएं एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## जय भोले सब्जी भंडार बैतूल बनी आमला एपीएल की विजेता टीम



आमला। नगर के रेल्वे खेल मैदान पर आयोजित आमला प्रीमियम लीग सीजन टू टैनिस बॉल क्रिकेट खेल प्रतियोगिता का गुरुवार देर शाम विजेता एवं उप विजेता टीम को आमंत्रित मुख्य अतिथियों के हस्ते नगद राशि एवं चमचमाती ट्राफी प्रदाय कर समापन किया गया । मिली जानकारी अनुसार आयोजित प्रतियोगिता में बत्तीस टीमों के बीच महा मुकाबला खेला गया था। अयोजित विभिन्न मुकाबलों में दूर दराज से नामी गिरामी क्रिकेट खिलाड़ियों ने शिरकत कर इस प्रतियोगिता का उत्साह बढ़ाया। वहीं खिलाड़ियों के बेहतर खेल का उपस्थित खेल प्रेमी जनता ने भी जमकर लुत्फ उठा आयोजन को सफल बनाया । समिति संरक्षक चंदन सिंह मानू, राकेश धमोड़े ने बताया कि आयोजित आमला एपीएल प्रतियोगिता का गुरूवार फाइनल मुकाबला जय भोले सब्जी भंडार बैतूल एवं जय हो क्लब आमला के बीच खेला गया । टास जीत कर सब्जी मंडी बैतूल ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित बारह ओवर में जय हो क्लब आमला को 129 रनो का लक्ष्य दिया था। निर्धारित लक्ष्य का पीछा करने उतरी जय हो क्लब आमला की टीम अंतिम ओवर तक संघर्ष करते हुए 22 रनो से पराजित हो गई एवं खिताबी मुकाबला जय भोले सब्जी मंडी ने अपने नाम किया।

### ट्रैफिक की दशा और दिशा सुधारने कलेक्टर व एसपी चले 5 किमी

# अतिक्रमण हटाने सड़कों पर उतरा प्रशासन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी और पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ चौधरी दल-बल सहित बैतूलबाजार रोड स्थित बडोरा चौक से हाईवे ग्लोरी पेट्रोल पंप तक लगभग पांच किमी पैदल चलकर सड़क के दोनों और फैले अतिक्रमण का मौका मुआयना कर उसको तोड़ने के निर्देश दिए। कलेक्टर व एसपी ने सड़क पर प्रशासनिक अधिकारियों के साथ ही पैदल मार्च किया।

**अतिक्रमण से लगता था जाम-**

गौरतलब है कि बदौरा चौक से बैतूलबाजार की ओर जाने वाली रोड पर सदैव जाम लगा रहता था, अतिक्रमण के चलते वहां से निकलने वाले वाहन चालको को बहुत



परेशानी का सामना करना पड़ता है, जिले के नवागत कलेक्टर श्री सूर्यवंशी के सामने शहर के दुकानदारों द्वारा अतिक्रमण कर सड़क पर कब्जा जमाने की शिकायत बार-बार सामने आ रही थीं। पत्रकारों के साथ कलेक्टर की बैठक में भी अतिक्रमण का मुद्दा प्रमुखता से रखा गया था। कलेक्टर ने आश्वस्त भी किया था कि समय आने पर कार्रवाई की जाएगी। परंतु आमजन की सोच के विपरीत कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक ने स्वयं अतिक्रमण स्थान का दौरा किया और कलेक्टर ने कार्यभार ग्रहण करने के एक सप्ताह के भीतर ही अतिक्रमण के विरुद्ध अपनी मुहिम भी प्रारंभ कर दी। अब अतिक्रमण हटाए जाने की कार्रवाई से आम जनता खुश नजर आ रही है।

#### पक्का अतिक्रमण हटाने के दिए निर्देश

बुधवार की शाम कलेक्टर व एसपी ने लगभग 5 किलोमीटर दूरी पैदल तय की। बडोरा चौक पेट्रोल पंप से ग्लोरी पेट्रोल पंप तक उन्होंने दुकानों के सामने बने पक्के शेड तोड़ने के निर्देश दिए। इसके पश्चात कलेक्टर अनाज मंडी के अंदर भी गए और वहां की व्यवस्था का जायजा लिया। अतिक्रमण तोड़ने एवं रोड के चौड़ीकरण की कार्रवाई गुरुवार से प्रारंभ हो गई। दुकानदार स्वयं अपना सामान हटाकर कार्रवाई में सहयोग कर रहे हैं।

#### इनका कहना

आमजन की सुविधा एवं शहर की सुंदरता हमारी पहली प्राथमिकता है। अतिक्रमण की अगली कार्रवाई में कोठीबाजार क्षेत्र सहित शहर के अन्य क्षेत्रों को शामिल किया जाएगा। अतिक्रमण का निरीक्षण करने के बाद वहां कार्रवाई शुरू करने की प्लानिंग है।

**नरेंद्र सूर्यवंशी** कलेक्टर बैतूल

अभा महात्मा गांधी मेमोरियल हॉकी टूर्नामेंट, शुक्रवार को खेले जाएंगे क्वार्टर फाइनल मुकाबले

# हॉकी टूर्नामेंट: बेहद रोमांचकारी मैच में मणिपुर 1 गोल से विजयी

नगर पालिका परिषद के तत्वावधान में जिला हॉकी संघ द्वारा आयोजित अखिल भारतीय महात्मा गांधी मेमोरियल हॉकी प्रतियागिता में तीसरे दिन एनसीओई मणिपुर और उत्तप्रदेश पुलिस के मध्य बेहद रोमांचक मैच खेला गया।



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

इस मैच में दोनों ही टीमों ने बेहद आक्रामक हॉकी खेल का प्रदर्शन किया। दर्शक दोनों टीमों के समर्थन में बंट गये थे। दोनों टीमों ने आज दर्शकों को खासा रोमांचित किया। मैच में मणिपुर एकमात्र गोल से जीती। प्रतियोगिता में पहले दो मैच एकतरफा ही रहे। पहला मैच औरंगाबाद और सेल राउरकेला के मध्य खेला गया। पहले क्वार्टर में दोनों टीमों ने एकदूसरे को कड़ी टक्कर दी। पहला क्वार्टर गोल रहित रहा। दूसरे क्वार्टर में राउरकेला के रोहित सिंग ने पहला मैदानी गोल करके टीम को बढ़त दिलायी। उसके बाद लगातार दबाव बनाते हुए राउरकेला के निशाद ने दूसरा और रोहित सिंग ने तीसरा गोल किया। तीन गोल के बाद औरंगाबाद की टीम बिखर गयी। तीसरे क्वार्टर में फिर सेल के रोहित सिंग ने चौथा और पांचवा गोल करके बढ़त 5-0 कर दी। चौथे क्वार्टर में औरंगाबाद टीम ने एक गोल करके स्कोर 5-1 किया लेकिन राउरकेला ने फिर एक गोल करके मैच 6-1 से जीत लिया। दूसरा मैच डीएचए जबलपुर और डीएचए नर्मदापुरम इटारसी के मध्य खेला गया। यह मैच भी एकतरफा रहा। इसमें डीएचए नर्मदापुरम की टीम ने 9-0 से जीत दर्ज की। मैच में मयंक जेम्स दो, अमरकीत एवं शॉन गिडियन ने एक-एक गोल करके पहले ही क्वाटर में 4-0 की बढ़त हासिल कर ली थी। दूसरे क्वार्टर में मयंक ने फिर गोल किया। मध्यांतर तक टीम 5-0 से आगे रही। तीसरे क्वार्टर में अमनदीप ने छटवा, सातवा और आठवा श्वेतांक जेम्स ने किया। नवमा और निर्णायक गोल अक्षय ने किया। डीएचए की वर्दी का अनावरण गुरुद्वारा गुरुसिंघ सभा के प्रधान जसवीर सिंघ छाबड़ा और वर्धमान स्कूल की संचालक सुश्री प्रशस्ति जैन ने किया। इस अवसर पर डीएचए अध्यक्ष प्रशांत जैन, सचिव कन्हैया गुरयानी सहित डीएचए के सभी सदस्य मौजूद रहे। मैच की तकनीकि समिति अमित गुप्ता झांसी, रूपेन्दर सिंह झांसी, बृजेश कुशवाह झांसी, मिलर फ्रांसिस नागपुर, सचिव सिंह जबलपुर, पवन कुमार नर्मदापुरम और रवि हरदुआ इटारसी। आज के अतिथि पूर्व पार्षद भरत वर्मा, संजीव हूरा, अनिल गेलानी, संदीप तिवारी, प्रियंका बसंत चौहान, रिषभ चौहान, रेखा मालवीय, बबीता चौहान, विधि पचौरी, सुष्मिता दुबे, अनिता राजपूत, दीपाली चौधरी, लक्ष्मी गालर, संगीता मालवीय, सविता मालवीय, मयंक मेहतो, विनय चौरे, वीरेन्द्र यादव, प्रशांत मनवारे, मंजू ठाकुर, दीपक दुगाया, सर्वप्रीत सिंह भाटिया, अक्षय तिवारी, डॉ. ताविश अरोरा, तरनदीप जुनेजा, सीएमओ रितु मेहरा, खाद्य अधिकारी मृगी अग्रवाल, जयकिशोर चौधरी, गोविन्द बांगड़, डॉ. नीरज जैन, डॉ. रूपेश गौर, संतोष राजवंशी, गौरव बड़कुर, आशीष तिवारी, अर्जुन पांडेय, आदित्य खंडेलवाल, आशीष मालवीय, राजू सिकंदर। प्रसारण समिति अरुण रॉवर्ट, दीपसिंह ठाकुर, रोहित नागे, राजकुमार बावरिया, मंगेश यादव रहे।

# डीपी का तेल और केबल चोरी से किसान परेशान, चोरों तक नहीं पहुंच रही पुलिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ शोभापुर

- शोभापुर क्षेत्र में डी पी का ऑयल चोरी करने वालो का गैंग सक्रिय
- तालाखेडी , ढिकबाडा, शोभापुर और अकोला के किसानों के खेत से हो चुकी केबल और आयल की चोरी



डीपी के आयल और केबल चोरी करने वालो का गिरोह काफी दिनों से शोभापुर क्षेत्र में सक्रिय है। उक्त गैंग डीपियो से आयल चोरी करके उसको सस्ते दामों में बेंच देता है लेकिन इससे किसानों और आर्थिक नुकसान के साथ अन्य परेशानियों से गुजरना पड़ता है। शोभापुर क्षेत्र में बीते कई माह से उक्त चोर सक्रिय हैं, किसानों द्वारा चोरी की शिकायतें भी दर्ज करवाई गई हैं लेकिन आज तक उक्त आयल चोर गैंग का पुलिस पता लगाने में विफल रही है। बीते माह में ढिकबाडा, शोभापुर और तालाखेड़ी के किसानों के खेत से डीपी का ऑयल चोरी होने की घटना हुई थी। जिसकी शिकायत भी किसानों द्वारा की गई थी लेकिन चोरों का पता ना लगने से चोरों के हौशलें बुलंद होने से कल बीती रात अकोला के प्रदीप पटेल, वीर सिंह, रामजी ठाकुर, प्रिंस ठाकुर के खेत में रखी डीपी से चोरों ने आयल निकाल लिया। जिसकी शिकायत किसानों द्वारा पुलिस चौकी शोभापुर में की गई। किसान प्रदीप पटेल ने चोरों और चोरी का खुलासा करने की मांग की है। थाना प्रभारी चंद्रकांत पटेल ने बताया कि डीपी का ऑयल अकोला के किसानों का नही हुआ , केबल चोरी हुई हैं। चोरों का शीघ्र पता लगा लिया जाएगा ।

## कॉलेज चलो अभियान

**माखन नगर।** श्री माखनलाल चतुर्वेदी शासकीय महाविद्यालय माखन नगर से प्रवेश समिति संयोजक लेफ्टि. डॉ. आई. एस. कनेश के मार्गदर्शन में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बागरातवा में 12 वी छात्र/ छात्राओं को महाविद्यालय में ऑनलाइन प्रवेश, एनसीसी, एनएसएस, महाविद्यालय में उपलब्ध विषय संकाय , आर एस पटेल द्वारा शासन की विभिन्न छात्रवृत्ति योजनाओं की जानकारी दी। डॉ मीनू सिंह द्वारा वाणिज्य संकाय से संबंधित एवं स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन योजना की जानकारी दी।

## पूजित अक्षत बांटने का कार्य चरम पर, स्वयंसेवक 22 जनवरी को दीपोत्सव मनाने का कर रहे आग्रह



**सेमरी हरचंद।** जैसे-जैसे अयोध्या में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा की तिथि 22 जनवरी नजदीक आ रही है। अयोध्या से आमंत्रण के लिए आए पूजित अक्षत घर-घर पहुंचाने का कार्य गति पकड़ता जा रहा है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवक नगर के प्रत्येक घर में पहुंचकर ग्राम वासियों को 22 जनवरी के दिन घर में ही दीपोत्सव मनाने का आग्रह कर रहे हैं। घर के आसपास के ही मंदिर को तथा अपने घर के सामने साफ सफाई कर मंदिर में रोशनी एवं घर के सामने कम से कम पांच दीप जलाने की की योजना बन रही है।

## एड्स नियंत्रण पर तीन दिवसीय कार्यशाला हुई




**माखन नगर।** जिला स्तर पर राज्य एड्स नियंत्रण प्रकोष्ठ के द्वारा तीन दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विदित हो की 9 जनवरी को विधिवत कार्यशाला का उद्घाटन हुआ। पश्चात 11 जनवरी 2024 को नर्मदा पुरम सहित हरदा छिंदवाड़ा संभाग व बैतूल के रेट रिबन प्रभारी (राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारीयों) ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। इस उन्मुखीकरण कार्यक्रम में वर्तमान में होने वाले विभिन्न परिवर्तनों व समाधानों के बारे में विस्तृत रूप से चर्चा की गई। इस उन्मुखीकरण कार्यक्रम मे मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी में डॉ दिनेश, डॉ आरके वर्मा, डीएचओ डॉ प्रियंका दुबे, डीटीओ जिला संगठन डीएस खत्री, हेमंत पटेल एवं आरके अहिरवार एवं एड्स नियंत्रण बोर्ड के सभी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# राज्यस्तरीय लेदर बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता शुभारंभ




हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

एकता स्पोर्ट्स क्लब द्वारा आरएनए उत्कृष्ट विद्यालय परिसर में राज्य स्तरीय लेदर वाल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन मुख्य अतिथि पूर्व नपा अध्यक्ष गणपत सिंह राजपूत की अध्यक्षता में किया गया।

इस अवसर पर विशेष अतिथि पूर्व नपाध्यक्ष राजीव जायसवाल, डॉ सतीश कटाकवार, संपत मूंदड़ा, गोपाल गांगूड़ा, प्रकाश मंडलोई, मार्शल बोरिया, सुब्रत लहरी, अरविंद राय, प्रीतम सिंह पुर्विया, अरविंद शर्मा आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर अतिथियों द्वारा मां सरस्वती का पूजन किया गया। एकता क्लब के अध्यक्ष बलराम सिंह बैस ने प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी क्रिकेट प्रतियोगिता के प्रारंभ में जबलपुर इटारसी के मध्य पहला मैच खेला गया। जिसमें जबलपुर ने 236 रन के विशाल स्कोर का पीछा करते हुए इटारसी की टीम को मात्र 139 रन ही बना सकी। प्रतियोगिता का दूसरा मुकाबला भोपाल एवं नर्मदापुरम के बीच दूसरे दिन होगा। खिलाड़ियों को जिला सतर्कता समिति सदस्य अरविंद राय द्वारा पुरस्कार वितरण किए गए।

## सड़क में हुआ गड्ढा धंसक सकती है सड़क



हरिभूमि न्यूज ⏭ सेमरीहरचंद

नर्मदा पुरम -पिपरिया स्टेट हाईवे नंबर 22 पामली तिगड्डा नहर की पुलिया सड़क के बीचो-बीच 10 इंच व्यास का लगभग ढाई से 3 फुट गहरा गड्ढा हो गया है जिससे मध्य प्रदेश सड़क विकास प्राधिकरण के अधिकारी कर्मचारी अनजान हैं इस गड्ढे के कारण कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है इस संबंध में मध्य प्रदेश सड़क विकास प्राधिकरण के अधिकारी दिनेश कुमार लोवंशी से बात करने पर उन्होंने बताया कि अभी तक हमारे संज्ञान में नहीं था मैं अभी कर्मचारी को भेज कर दिखवाता हूं क्या स्थिति है।

# समस्याओं के निराकरण के लिए एसडीएम ने ली अधिकारियों की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया



कलेक्टर सोनिया मीना द्वारा गत दिवस पिपरिया मंडी के निरीक्षण के दौरान दिये गये निर्देश के पालन में आज गुरुवार को मण्डी कार्यालय सभागार में एसडीएम सह भारसाधक अधिकारी मण्डी पिपरिया संतोष तिवारी की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया जिसमें एसडीओपी पिपरिया कल्याणी बरकड़े, थाना प्रभारी गिरीश त्रिपाठी, सहायक संचालक- सचिव राघवेन्द्र सिंह राठौड़, मंडी निरीक्षक चन्द्रशिवराम उइके, विनीत जायसवाल की उपस्थिति में कलेक्टर द्वारा दिये निर्देश के परिपालन में मण्डी के बाहर के प्रांगण में आवारा पशुओं की समस्या, मजदूरों द्वारा झाड़न, मण्डी प्रांगण से माल उठाने में ओव्हरलोड वाहनों के संबंध में व्यापारी संघ मजदूर संघ एवं किसान संघ के लोगों से चर्चा की गई तथा इन समस्याओं के निराकरण के लिए आवश्यक निर्देश एसडीएम पिपरिया द्वारा दिये गये। एसडीओपी पिपरिया एवं टीआई पिपरिया द्वारा प्रांगण की सुरक्षा तथा ओव्हरलोड वाहनों पर रोक लगाने संबंधी निर्देश दिये गये।

मण्डी सचिव पिपरिया द्वारा बताया गया कि मण्डी प्रांगण में झाड़न के संबंध में 10 से 15 बार लाउडस्पीकर से उदघोषणा लगातार कराई जाती है तथा झाड़न को रोकने के लिये एक दल भी बनाया गया है जो लगातार सतत निगरानी रखता है फिर भी यदि किसी किसान को समस्या होती है तो वह उसकी शिकायत मण्डी कार्यालय में आकर कर सकता है।

बैठक में किसान संघ की ओर से शिवराज राजौरिया, विधायक प्रतिनिधि कल्याण सिंह पटैल, विनोद चौरसिया, सुरेन्द्र कुमार बोहरे, गुलाब बैंकर, व्यापारी संघ की ओर से अनिल माहेश्वरी, महेश दूदानी, मोनू अग्रवाल, गिरिराज राठी, मौसम कोठारी, अनूप माहेश्वरी एवं मजदूर संघ के अध्यक्ष महेश मुकद्दम, हरि बाथरे, राकेश केवट तथा बड़ी संख्या में किसान व्यापारी मजदूर एवं मंडी स्टाफ के लोग सम्मिलित रहे ।

## युवा हिंदी वाहिनी कर रही अक्षत का वितरण




हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

राष्ट्रीय युवा हिंदू वाहिनी जिला नर्मदापुरम द्वारा नगर के वार्ड नंबर 15 में, लगातार 1 जनवरी से 15 जनवरी तक प्रत्येक परिवार में पहुंचकर श्रीराम ललाजी के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के निमंत्रण दिए गए। जिला अध्यक्ष अर्चना मालवीय ने बताया कि श्री राम की नगरी से आए पूजित अक्षत घर-घर देने का पुनीत कार्य किया जा रहा है और हर घर जाकर 22 जनवरी को घर में दिवाली की तरह दीपक जलाने का आह्वान किया जा रहा है। जिसमें ब्लॉक अध्यक्ष चांदनी शुक्ला, संरक्षक ममता मालवीय, महासचिव साधना मालवीय, ज्योति त्रिवेदी, ज्योति तोमर, सविता शर्मा, अनु सिंह, संगीता साहू, संगीता पटेल, सीमा चौहान, ममता अग्रवाल मुख्य रूप से प्रतिदिन सम्मिलित हो रही है।

# रोजगार के उत्सव बढ़ाने सेमिनार का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढ़ी



साइबर्टेक कंप्यूटर एजूकेशन इंस्टिट्यूट पचमढ़ी द्वारा युवाओं में रोजगार को बढ़ाने के लिए नेटवर्क मार्केटिंग एवं स्वास्थ्य से स्वरोजगार के माध्यम से एक सेमिनार का आयोजित किया गया। जिसमें जबलपुर से आई टीम द्वारा करीना रोहिल्ला, तरुण रोहिल्ला, अतुल जोशी, सचिन मालवी द्वारा बच्चों को बताया गया। 21 सदी के सबसे बेहतरीन बिजनेस मॉडल क्या हो सकते हैं उसके बारे में बताया आज बिजनेस मॉडल का नाम डायरेक्ट सेलिंग इंडस्ट्रीज है इसके बारे में भारत सरकार ने गाइडलाइन जारी कर और इसके कुछ भारत की यूनिवर्सिटी में डायरेक्ट सेलिंग का एजुकेशन भी हो रहा है। उसके बारे में हमने वहां एवं बच्चों को जानकारी दी भविष्य में और भी क्षेत्र में अवसर हैं यह टीम द्वारा बताया गया टीम द्वारा यहां के स्कूलों में बच्चों एवं शिक्षकों को मार्केटिंग के लिए किस तरह रोजगार लेना एवं देना दोनों चीज बताई गई। इसमें सबसे पहले टीम द्वारा मेथोडिक्स इंग्लिश मीडियम स्कूल पचमढ़ी एवं छावनी परिषद स्कूल पचमढ़ी और शासकीय उमावि सीएम राइज पचमढ़ी में बच्चों एवं शिक्षकों को नेटवर्क मार्केटिंग और ऑनलाइन बिजनेस की जानकारी दी। जिससे बच्चे ऑनलाइन मार्केटिंग में अपना करियर बना सकें। जिसमें मेथोडेक्स इंग्लिश मीडियम स्कूल की मैनेजर लिली पॉल, छावनी परिषद स्कूल प्राचार्य आशीष तमोली, सीएम राइज प्राचार्य मनीष गुप्ता और सभी स्कूलों के बच्चे एवं स्टाफ उपस्थित थे। टीम ने बच्चों को ऑनलाइन रोजगार को बढ़ावा देते हुए यह कहा कि आप रोजगार के साथ-साथ रोजगार को देने वाले बने इसके बाद सभी प्रचार द्वारा जबलपुर से आई टीम का आभार व्यक्त किया गया और साइबर्टेक कंप्यूटर एजुकेशन सेंटर पचमढ़ी के ओनर मोहम्मद इश्तियाक खान द्वारा बच्चों को रोजगार संबंधी जानकारी के लिए टीम ने धन्यवाद दिया। कंप्यूटर सेंटर की मैनेजर मनीषा मसोरिया को सहयोग प्रदान करने के लिए भी धन्यवाद प्रेषित किया गया। इसमें इस रोजगार मेले में सभी बच्चों ने एवं शिक्षकों एवं स्कूल के स्टाफ ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और रोजगार संबंधी जानकारियां प्राप्त की।

## घर-घर में दोपोत्सव मनाने का आव्हान

**माखन नगर।** विश्व हिंदू परिषद माखन नगर इकाई द्वारा अयोध्या से आये अक्षत निमंत्रण देकर हर घर मे 22जनवरी को दीप उत्सव मनाने का अह्वान किया जा रहा है विश्व हिंदू परिषद के पदाधिकारी और कार्यकर्ता नगर के प्रत्येक वार्ड में प्रत्येक घर जा जाकर श्री राम जन्मभूमि मंदिर मैं रामलला की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा के दिन 22 जनवरी को हर घर नगर वासियों से दीप उत्सव बनाए जाने का आग्रह कर रहे हैं। गुरुवार को नगर अध्यक्ष दिनेश शर्मा, रामराज जांगड़े, इंद्रपाल सिंह, अमित मिश्रा, गोलू मिश्रा, ललित चौबे, नील मिश्रा, दुष्यंत मालवी, शिवा सोनी, रिंटू मालवी सहित अनेक कार्यकर्ताओं ने नगर वासियों से संपर्क किया।

# अतिथि शिक्षकों ने प्राचार्य को 3 माह से रूके वेतन के लिए दिया ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सेमरीहरचंद



शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के अतिथि शिक्षक तीन माह से वेतन नहीं मिलने के कारण आर्थिक तंगी का सामना कर रहे हैं। उन्होंने विद्यालय की प्राचार्य को ज्ञापन के माध्यम से घर की आर्थिक स्थिति का हवाला देते हुए शीघ्र अति शीघ्र 3 मा का वेतन प्रदान करने हेतु ज्ञापन सौंपा है।

इस विषय में प्राचार्य शीला चौधरी से बात करने पर उन्होंने बताया कि अतिथि शिक्षकों का तीन माह से वेतन रुका हुआ है। उन्होंने ज्ञापन दिया है राज्य शिक्षा केंद्र से स्वीकृति प्राप्त होने पर ही अतिथि शिक्षकों को वेतन प्राप्त हो सकेगा। हमने अपने स्तर से सभी अतिथि शिक्षकों के वेतन के बिल अधिकारियों तक पहुंचा दिए हैं।

आज आतंक इलेवन पिपरिया और मटकुली के बीच पहला सेमीफाइनल

# चावलपानी हारा, पिपरिया जीती

हरिभूमि न्यूज ⏭ शोभापुर



विधायक कप शोभापुर के सेमी फाइनल में दानिश इलेवन पिपरिया पहुंचने वाली चौथी टीम बनी। इसके पूर्व मटकुली, आतंक इलेवन पिपरिया और करणपुर पहले ही सेमीफाइनल में अपनी जगह बना चुकी थी । सेमी फाइनल मुकाबला दोपहर 12 बजे से खिड़िया मैदान शोभापुर में आतंक इलेवन पिपरिया और मटकुली के बीच खेला जाएगा।

विधायक कप का दूसरा सेमी फाइनल मुकाबला शनिवार को दानिश इलेवन पिपरिया और करण पुर के बीच खेला जाएगा। दोनो सेमी फाइनल मुकाबले में विजेता टीमों के बीच फाइनल मुकाबला हजारों दर्शकों के बीच शनिवार को विद्यायक विजयपाल सिंह , मंडल अध्यक्ष ललित पटेल इत्यादि की उपस्थिति में खेला जाएगा। सचिन पुर्विया ने बताया कि कल हुए तीन मैचों में पहला मैच हथवांस और पिपरिया के बीच खेला गया जिसमें पिपरिया की टीम द्वारा 150 रनो का पहाड़ से स्कोर के सामने हथवान्स की टीम ने घुटने टेक दिए। दूसरे मैच में कागजों में मकबूत दिखने वाली बाबई की टीम चावल पानी के उत्साहित खिलाड़ियों के समर्पण के आगे नत मस्तक दिखी। चावल पानी के महेंद्र पटेल की तूफानी पारी की बदौलत चावल पानी विजेता रही । कल की दोनो विजेता टीमों के बीच सेमी फाइनल में पहुंचने के लिए मुकबला हुआ । पिपरिया ने आतिशी पारी खेलते हुए महज 3 ओवर में 67 रन बना डाले तो वहीं अगले 7 ओवर में 75 रन बनाते हुए पूरे 10 ओवर में 142 रन बना सकी। जवाब में चावल पानी संघर्ष करती हुई नजर आई एक समय तो लग रहा था कि चावल पानी कड़ा संघर्ष करेगी लेकिन राजकुमार धाकड़ ने एक ओवर में 2 रन लेकर चावल पानी की टीम को बैक फुट में ला दिया। अंत में चावल पानी की टीम ताश के पत्तो की तरह बिखर गई और दानिश इलेवन पिपरिया सेमी फाइनल में पहुंचने में कामयाब रही ।

# बिल्लौरे बने अभा साहित्य परिषद प्रांत सह मीडिया प्रभारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



अखिल भारतीय साहित्य परिषद की नर्मदापुरम व हरदा जिले की संयुक्त बैठक गत दिनों इटारसी के संस्कार मंडपम गार्डन में संपन्न हुई। बैठक में संगठन के प्रांतीय महामंत्री आशुतोष शर्मा जी ने आगामी समय में समूचे मध्य प्रदेश में प्रस्तावित परिषद के जिला सम्मेलनों सहित आगामी अन्य योजनाओं की जानकारी दी। इस दौरान पलकमती साहित्य परिषद सोहागपुर के अध्यक्ष एवं कवि अमित बिल्लौरे को अखिल भारतीय साहित्य परिषद मध्य भारत प्रांत में सह मीडिया प्रभारी नियुक्त करने की घोषणा आशुतोष शर्मा ने की। इस नियुक्ति पर बिल्लौरे को परिषद के वरिष्ठ मार्गदर्शक कवि ब्रजकिशोर पटेल, भोपाल संभाग सहसंयोजक बाबू घायल, वरिष्ठ साहित्यकारद्वय नित्य गोपाल कटारे व माखन मालवीय, प्रान्त मंत्री मुकेश शांडिल्य टिमरनी, नर्मदापुरम संभागाध्यक्ष कीर्ति वर्मा, संभाग सह संयोजक जयकृष्ण चांडक हरदा, नर्मदापुररम जिलाध्यक्ष सौरभ सूर्य, हरदा जिलाध्यक्ष कपिल दुबे, लोमेश गौर, सुभाष यादव भारती, राजकुमार दुबे, नवीन हरियाले, सुनील भिलाला, भगवानदास बेधड़क, राजेश व्यास, विनय चौरे आदि ने बधाई व शुभकामनाएं दीं ।

# नई शिक्षा नीति के तहत शिक्षकों को दिया जा रहा प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर




सोहागपुर बीआरसी कार्यालय में 4 चरणों में माध्यमिक कक्षाओं के शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण शिक्षको को नई शिक्षा नीति को प्रभावी बनाने के लिए दिया जा रहा है। बीआरसी राजेश रघुवंशी ने बताया कि यह प्रशिक्षण चार चरणों में संपन्न होगा। 8 जनवरी से शुरू होकर यह 2 फरवरी को पूर्ण होगा। इस प्रशिक्षण में पूरे ब्लॉक से 86 शिक्षक भाग ले रहे हैं । प्रशिक्षण देने वाले विशेष तौर पर मास्टर ट्रेनर उपलब्ध हों जो शिक्षकों को प्रभावी तौर पर नई शिक्षा नीति को दृष्टिगत रखते हुए बारीकियों को बिंदुवार समझा रहे हैं। श्री रघुवंशी ने बताया कि जो शिक्षा नीति में परिवर्तन हुए उनको सभी शिक्षकों को अवगत कराया जा रहा है। प्रशिक्षण का अगला चरण 16 से 20 जनवरी के बीच में होगा तो वहीं तृतीय चरण 21 से 25 जनवरी तक चलेगा। चौथा और अंतिम प्रशिक्षण काल 29 जनवरी से 2 फरवरी तक रहेगा।

## खबर संक्षेप

### मगरधा में हुआ अनुभूति का आयोजन

**रहटगांव।** वन परिक्षेत्र मगरधा अंतर्गत वनग्राम बड़झिरी में मध्यप्रदेश इको पर्यटन विकास बोर्ड के सहयोग से वन विभाग द्वारा ईको अनुभूति कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें शासकीय हाईस्कूल मगरधा के 60, शासकीय माध्यमिक शाला झाड़पा के 30 एवं शासकीय माध्यमिक शाला बड़झिरी के 30 विद्यार्थीयों सहित संबंधित स्कूलों से 15 शिक्षकों ने हिस्सा लिया। अनुभूति कैंप में विद्यार्थियों को पक्षी दर्शन, नेचर ट्रेल पर प्रकृति व्याख्या, वन्यजीवों एवं पेड़ पौधों आदि की जानकारी प्रदान की गई। कैंप में मुख्य अतिथि सरपंच ग्राम पंचायत बड़झिरी रामविलास कास्डे एवं उप वन मंडल अधिकारी दक्षिण हरदा ओमप्रकाश बिडारे उपस्थित रहे। कार्यक्रम में पर्यावरण, वन्य जीव एवं वन संरक्षण विषय पर चित्रकारी एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रत्येक प्रतियोगिता हेतु प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर आने वाले विद्यार्थियों को मुख्य अतिथि द्वारा पुरस्कार प्रदान किए गए। सभी प्रतिभागियों को प्रतिभागिता प्रमाण पत्र वितरित किए गए। कार्यक्रम का संचालन वन परीक्षेत्र अधिकारी मगरधा मुकेश रघुवंशी ने किया, विद्यार्थियों को विभिन्न विषयों की जानकारी परिक्षेत्र सहायक जोहन सिंह परते ने दी अंत में शिविर में सम्मिलित समस्त छात्रों से फीडबैक फॉर्म भरवाये गए एवं सभी को वनो एवं वन्य प्राणियों के संरक्षण की शपथ दिलाई गई।

### कलश यात्रा के साथ शुरू हुआ हवन यज्ञ

**रहटगांव।** ग्राम फुलडी में 24 कुंडली जन जागरण गायत्री महायज्ञ की भव्य कलश यात्रा निकाली गई। ग्राम फुलडी में होने जा रहे हैं 24 कुंडली गायत्री महायज्ञ की शोभा कलश यात्रा निकालकर विधिवत पूजा अर्चना कर निकाली गई। कलश यात्रा में गांव की महिलाएं और पुरुष बच्चे भी शामिल हुए। शांतिकुंज हरिद्वार से आए हुए टोली के प्रमुख दिनेश पटेल द्वारा उद्बोधन एवं कलश यात्रा क्यों की जाती है इस पर समझाया गया। तीन दिनों तक सुबह 8:00 बजे से 12बजे तक हवन एवं दो से चार बजे तक प्रज्ञा पुराण एवं प्रवचन रहेंगे।

### आज होगा सामूहिक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम

**हरदा।** 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद के जन्म दिन युवा दिवस के मौके पर सामूहिक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम आयोजित होगा। जिला शिक्षा अधिकारी हरदा ने बताया कि सामूहिक सूर्य नमस्कार का जिला स्तरीय कार्यक्रम शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय हरदा में आयोजित होगा। सुबह 8.45 बजे से सभी छात्र-छात्राओं का मैदान में एकत्रीकरण होगा। इसके बाद 9 से सुबह 10.30 बजे के बीच राष्ट्रीय गीत होगा।

### मौसम विभाग का अनुमान आने वाले दो दिन इसी तरह रहेगा मौसम

# एक दिन धूप निकलने के बाद सुबह छाया घना कोहरा, दस मीटर रही विजिबिलटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

जिले में बुधवार को इस सीजन का सबसे गहरा कोहरा देखने को मिला। कोहरे के घने होने का अनुमान इसी बात से लगाया जा सकता है कि विजिबिलिटी मुश्किल से 10 मीटर तक ठहर गई। चारों ओर घना कोहरा ही कोहरा छाया हुआ दिख रहा था। बुधवार को न्यूनतम तापमान 13 डिग्री सेल्सियस और अधिकतम तापमान 23 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। मौसम विभाग का अनुमान है कि अगले कुछ दिन ऐसा ही मौसम रहेगा।



जानकारी के अनुसार इस माह की शुरुआत से ही तेज ठंड ने अपना असर दिखना शुरू कर दिया है। रुक-रुक कर दिन प्रतिदिन घना कोहरा रोजाना बढ़ता ही जा रहा है, लेकिन बुधवार की सुबह जब लोग जागे तो बाहर पूरा जिला घने कोहरे की गिरफ्त में था। चारों ओर घना कोहरा छाया हुआ ही दिख रहा था। ओस की बूंदे लगातार गिर रही थीं। सड़क किनारे लगे पेड़ों पर ओस जमा होकर हवा चलने पर जमीन पर भी गिर रही थी, जिसे पेड़ों के नीचे बारिश जैसा एहसास हो रहा था। इतना अधिक कोर इस सीजन में पहली बार छाया तो मार्गो पर आवाजाही भी काफी कम देखी गई।

**शीत लहर से बचाव को लेकर एडवाइजरी जारी :** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुधीर कुमार डेहरिया ने शीतघात व शीत लहर को लेकर पर्याप्त सावधानी बरतने की अपील आम नागरिकों से की गई है। उन्होंने बताया कि शीत ऋतु में वातावरण का तापमान अत्यधिक कम होने पर शीत लहर का चलना प्रारंभ हो जाता है। जिसके कारण मानव स्वास्थ्य पर अनेक विपरित प्रभाव जैसे सर्दी जुकाम, बुखार, निमोनिया, त्वचा रोग, फेफड़ों में संक्रमण, हाईपोथर्मिया, अस्थमा, एलर्जी होने की आशंका बनी रहती है। प्रभावी शीत लहर से बचने के लिए गर्म एवं ऐसे कपड़े जिनमें कपड़ों की कई परतें होती है वह शीत लहर से बचाव के लिए अत्यधिक प्रभावी होते है। रजाई, कंबल, स्वेटर, गर्म कपडों का उपयोग किया जाना चाहिए एवं मफलर, आवरण युक्त जलरोधी जूतों का उपयोग किया जाना चाहिए। इस संबंध में जन जागरूकता के लिए मैदानी स्तर पर आशा, आशा सुपरवाइजर्स, एएनएम, एमपीडब्ल्यू को जनजागरूकता के लिए निर्देशित करने सिविल सर्जन तथा समस्त विकासखण्ड चिकित्सा अधिकारियों को निर्देशित किया गया है।

### मैनेजर का था इकलौता बेटा

# डंपर ने बाइक सवार को कुचला मौत, जांच में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खंडवा

खंडवा के बस स्टैंड पर बुधवार को हुए सड़क हादसे में घायल बाइक सवार की मौत हो गई। पल्सर बाइक पर सवार युवक को तेज रफ्तार डंपर ने कुचल दिया था। इलाज के दौरान मौत होने के बाद मृतक की पहचान हिमांशु जैन निवासी रामनगर के रूप में हुई। वह गुड़ी सोसायटी के मैनेजर हेमंत जैन के इकलौता बेटे थे। उनकी 6 साल की मासूम बेटी है। इधर, डंपर वाहन को पुलिस अभिरक्षा में ले लिया गया है। टीआई बलरामसिंह राठौर का कहना है कि एक डंपर वाहन को पकड़कर थाने लाया गया था। बता दें कि शहर में तेज रफ्तार के साथ डंपर दौड़ते हैं। अवैध रूप से रेत, गिट्टी के डंपर शहर में रेंगते हुए निकलते हैं।



ओवरलोड डंपर कलेक्टर कार्यालय, खनिज विभाग से लेकर थाना कोतवाली, ट्रैफिक थाना के सामने से होकर इंदौर की ओर आरटीओ कार्यालय के सामने से गुजरते हैं। माफिया के आगे प्रशासन नतमस्तक हो गया है। आक्रोशः शव पोस्टमॉर्टम रूम पहुंचा, तब मिली परिवार को सूचना 35 वर्षीय मृतक हिमांशु जैन को डंपर ने बुधवार दोपहर बस स्टैंड के पास लोहारी नाका पर रौंद दिया था। हादसे में बाइक पूरी तरह कुचल गई थी। गंभीर रूप से घायल हिमांशु को पुलिस ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया था। जहां इलाज के दौरान गुरूवार सुबह मौत हो गई। सुबह होने पर हिमांशु के शव को पोस्टमॉर्टम रूम ले जाया गया। तब तक पहचान नहीं हो पाई थी। पीएम रूम में कर्मचारियों ने जेब टटोली तो आधार कार्ड निकला। जिसके जरिये जैन समाज को सूचना दी और जानकारी परिवार तक पहुंची। गुरुवार सुबह जिला अस्पताल में बड़ी संख्या में समाजजन पहुंचे। समाज में पुलिस और अस्पताल प्रबंधन के खिलाफ आक्रोश है। यदि घटना के समय ही परिवार को सूचना मिल जाती तो घायल हालत में ही परिवार बेहतर इलाज करा पाता ।



### प्रदेश स्तर पर 9वां स्थान मिला

# 3 लाख तक आबादी के निकाय में खरगोन टॉप 10 में शामिल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ खरगोन

स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 में 1- 3 लाख जनसंख्या में नगर पालिका परिषद खरगोन टॉप 10 में जगह बनाई है। 3 लाख से कम आबादी में खरगोन नगरीय निकाय को राष्ट्रीय स्तर पर 9वा स्थान व राज्य स्तर पर 8वा स्थान प्राप्त हुआ है । स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 में इसबार 7500 अंकों का सर्वेक्षण था। इसमें खरगोन नगरपालिका को 6905.40 अंक प्राप्त हुए हैं। इस उपलब्धि पर नगर पालिका के साक्षरता कार्यालय में आतिशबाजी की गई ढोल ताशा के साथ खुशियां मनाई गई सफाई टीम के साथ अफसर ने एक दूसरे को बधाई दी। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष छाया जोशी, उेङ्क एमआर निगवाल, राजस्व प्रभारी महेश वर्मा सहित पार्षद व नगर पालिका कर्मचारी मौजूद थे। सीएमओ ने कहा यह शहरवासियों व स्वच्छता टीम की जीत है।

#### 4 साल बाद आया सुधार

नगर पालिका के स्वास्थ्य अधिकारी प्रकाश चित्ते ने बताया कि यह उपलब्धि खरगोन के नागरिकों के अच्छे फीडबैक व नगर पालिका की सफाई टीम की है। जो उन्होंने बेहतर ढंग से शहर को समझते हुए अपने काम को अंजाम दिया है। पिछले 4 सालों के बाद शहर की रैंकिंग सुधरी है। स्थानीय स्तर पर स्वछता टीम ने नवाचार किए थे।

### पीएफ, ग्रेच्युटी की मांग को लेकर वेरिट ग्लोबल कंपनी के श्रमिकों का धरना

#### कसरावद एसडीएम ने कंपनी से चर्चा कर भुगतान का भरोसा दिया



**खरगोन।** जिला मुख्यालय से 40 किमी दूर कसरावद के नेशनल हाईवे पर स्थित ग्राम भीलगांव में वेरीएट ग्लोबल कंपनी के श्रमिकों ने अपनी मांगों को लेकर धरना अनुविभागीय कार्यालय पर दिया। उन्होंने एसडीएम अग्रिम कुमार से वेतन, ग्रैचुइटी व पीएफ दिलाने की मांग की। अपनी मांगों को लेकर फैक्ट्री के गेट पर बैठे गए। वे मैनेजमेंट की शिकायत लेकर कसरावद एसडीम ऑफिस पहुंचे थे। उन्होंने कंपनी पर गंभीर आरोप लगाते हुए ज्ञापन सौंपा। श्रमिकों ने कंपनी पर पीएफ जमा नहीं करने व बकाया वेतन नहीं देने का आरोप लगाया। एसडीएम ने मिल प्रबंधन के अधिकारी को बुलाकर इस संबंध में चर्चा की और आश्वासन दिया। एसडीएम अग्रिम कुमार ने श्रमिकों से चर्चा कर बताया कि कंपनी मैनेजमेंट से बात कर ली गई है। अगले 5 दिनों में सभी श्रमिकों का बकाया ओवर टाइम वेतन एवं पीएफ का भुगतान नियम अनुसार कर दिया जाएगा। साथ ही लेबर विभाग से सक्षम अधिकारी जांच कर श्रमिकों के लंबित भुगतान नियम अनुसार दिलवाने की व्यवस्था करेंगे। एसडीएम ने श्रमिकों से यह भी कहा कि उनके पीएफ का भुगतान लेबर ऑफिसर के माध्यम से ही हो पाएगा।

# लोस निर्वाचन के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त


हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ऋषि गर्ग ने लोकसभा निर्वाचन के लिए नोडल अधिकारियों की नियुक्ति की है। जारी आदेशानुसार पुलिस अधीक्षक संजीव कंचन को लॉ एंड ऑर्डर, सिक्योरिटी प्लान, फोर्स डेप्लॉयमेंट, इंफोर्समेंट, क्रिटिकल एवं वल्नरेबल मैपिंग का नोडल अधिकारी बनाया गया है। इसी प्रकार वनमण्डलाधिकारी सामान्य अनिल चौपड़ा व वनमण्डलाधिकारी उत्पादन नरेन्द्र पंडवा को शेडो एरिया व फॉरेस्ट एरिया के लिये नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी रोहित सिसोनिया को मतदान केन्द्रों पर आवश्यक सुविधा उपलब्ध कराने के लिये नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

इसके अलावा सेक्टर अधिकारी तथा मतदान दल, बीएलओ व मतदान कार्य में लगे अन्य कर्मचारियों को आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए भी सीईओ जिला पंचायत सिसोनिया को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। दिव्यांगों एवं वरिष्ठ नागरिकों के लिये मतदान केन्द्रों पर सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने, मतदान दलों में शामिल कर्मचारियों तथा निर्वाचन ट्रेनिंग में शामिल कर्मचारियों को पेयजल, नाश्ता, भोजन व चिकित्सा आदि की सुविधा उपलब्ध कराने व आदर्श मतदान केन्द्र तैयार कराने का दायित्व भी श्री सिसोनिया को सौंपा गया है। जारी आदेश अनुसार अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. नागार्जुन बी. गौड़ा को चुनावी प्रशिक्षण, मतदान दल गठन, निर्वाचन कार्य में संलग्न अधिकारी कर्मचारियों के परिचय पत्र तैयार करने तथा आईटी सेल व डाटा सेल का नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार संयुक्त कलेक्टर रजनी वर्मा को आदर्श आचार संहिता पालन कराने, चुनावी शिकायतों के प्रबन्धन, निर्वाचन संबंधी जानकारी, सी-विजिल एप, वाहन अनुमति, सिंगल विंडो, पोस्टल बेलेट तथा इटीपीबीएस, जिला स्तरीय कंट्रोल रूम व डिसट्रिक्ट कॉन्टेक्ट सेंटर स्थापित कराने के लिये नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। डिप्टी कलेक्टर संजीव कुमार नागू को यातायात प्रबन्धन, वाहन अनुमति संबंधी मॉनिटरिंग, मतदाता सूची वितरण व रूट चार्ट तैयार करने के लिये नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। डिप्टी कलेक्टर आशीष खरे को इवीएम मेनेजमेन्ट, इवीएम की एफएलसी एवं कमिशनिंग व मतगणना, मतदान सामग्री प्रबन्धन व वितरण कार्य के लिये नोडल अधिकारी बनाया गया है। जारी आदेश अनुसार कोषालय अधिकारी दिलीप सिंह सिसोदिया को सभी प्रकार के बेलेट पेपर प्रिंटिंग एवं उन्हें सुरक्षित रखने के लिये नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। एटीओ डी.के. मौर्य को निर्वाचन व्यय मॉनिटरिंग के साथ निर्वाचन व्यय प्रेक्षक संबंधी समस्त कार्यों के लिये नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग संजय त्रिपाठी को मतदाता जागरूकता गतिविधियों व ग्रीन इलेक्शन के लिये नोडल अधिकारी बनाया गया है। एलडीएम मनीष जायसवाल को माइक्रो ऑब्जर्वर तथा डीपीओ के.एल. उरिया को कम्युनिकेशन प्लान एंड डीईएमपी व इलेक्शन स्टैटिक्स, पीपीटी एवं डाटा एनालिसीस का दायित्व सौंपा है। इसके अलावा महाप्रबन्धक विद्युत वितरण कम्पनी अनूप सक्सेना को नियमित विद्युत आपूर्ति एवं विद्युत सुरक्षा का दायित्व सौंपा गया है।

### मंडलेश्वर पुलिस को मिली बड़ी सफलता

# बड़ी मात्रा में गांजा बरामद, तस्कर भी गिरफ्तार



**खरगोन।** दरअसल नशे का कारोबार करने वालों के विरूद्ध वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों द्वारा त्वरित एवं लगातार कार्रवाई करने हेतु निर्देशित किया गया है। इसी कड़ी में जिले के थाना/चौकी प्रभारियों द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। एसडीओपी मनोहर गवली के मार्गदर्शन मे जिले के मंडलेश्वर थाने की पुलिस टीम द्वारा बुधवार अवैध मादक पदार्थ (गांजा) की खेती करने वाले के विरूद्ध कार्यवाही की गई है ।पुलिस ने कहा कि थाना मंडलेश्वर पर मुखबिर से सूचना मिली कि, ग्राम गाडरिया में मंगलसिंग पिता गजानंद भील ने कपास और मक्का कि फसल में बोई हुई है, जिसमें थोडी-थोडी दुरी पर अवैध गांजे के भी पौधे लगे हुये है । मुखबिर की सूचना पर कार्यवाही करते हुए थाना प्रभारी दीपक यादव के नेतृत्व मे पुलिस टीम का गठन कर मुखबिर के बताई जगह ग्राम गाडरिया में मंगलसिंग भील के खेत पर पहुंची जहां पुलिस टीम को एक व्यक्ति दिखाई दिया जो पुलिस को देख कर भागने लगा जिसे घेराबंदी कर पकड़ा गया ।पकड़े गए आरोपी को लेकर खेत मे घूम कर देखा तो अवैध गांजे के हरे पत्तेदार पौधे पाये गये । मौके से गांजे के 70 पौधे जिनका वजन 101 किलोग्राम 2 लाख रुपये से ज्यादा कीमत का जप्त करने मे पुलिस को सफलता प्राप्त हुई । कार्यवाही मे सउनि मुकेश यादव, कैलाश पाटीदार ,प्रआर दिनेश ,धर्मराज, आर.शैलेन्द्र दीपक बैरागी, सरिता, धर्मेन्द्र. भगवान विजय व अनुराग का विशेष योगदान रहा ।

# अमावस्या पर किया हजारों श्रद्धालुओं ने स्नान



**हरदा।** अमावस्या पर गुरुवार को मां नर्मदा में हजारों श्रद्धालुओं ने आस्था, विश्वास और श्रद्धा की डुबकी लगाई। श्रद्धालुओं ने क्षेत्र की खुशहाली एवं सुख समृद्धि की कामना भी की। कड़कड़ाती ठंड और तमाम तरह की परेशानियों के बावजूद ब्रह्म मूहुर्त में लोग स्नान के लिए नर्मदा के घाटों पर पहुंचे। स्नान का क्रम शुरू होते ही नर्मदा तट पर हर-हर नर्मदे का जयघोष गूंजने लगा। भीड़ की सुरक्षा के लिए प्रशासन ने व्यापक इंतजाम किए हैं। जिले के हंडिया के रिद्धनाथ मंदिर घाट सहित अन्य घाटों एवं गोयत, लछोरा, छीपानेर, जलोदा के नर्मदा तटों लोगों को कड़कड़ाती ठंड भी स्नान करने से नहीं रोक सकी। स्नान के बाद श्रद्धालुओं ने घाटों पर स्थित मंदिरों में जाकर पूजन अर्चन कर भगवान भोलेनाथ की आराधना की। वहीं, गरीबों को अन्न व गर्म वस्त्र भी दान किए। यहां ठंड से बचाने के लिए प्रशासन ने अलाव की भी व्यवस्था की थी। किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए घाटों पर नावों के अलावा गोताखोरों को तैनात किया गया था। वरिष्ठ अधिकारी दिनभर घाटों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लेते रहे।

# हिट एंड रन कानून को लेकर ट्रक ड्राइवरों का फिर विरोध

### कानून वापस लेने पर अड़े ड्राइवर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ खरगोन

हिट एंड रन के नए कानून का फिर विरोध शुरू हो गया है। गुरुवार को 50 से ज्यादा ट्रक ऑपरेटरों ने आंदोलन की चेतावनी दी। उन्होंने कलेक्ट्रेट में ज्ञापन शॉप कर हड़ताल की सूचना दी। उन्होंने कानून वापस न लेने तक हड़ताल का ऐलान किया।

ट्रक ऑपरेटर ने हड़ताल की सूचना प्रशासन को देने के बाद नवग्रह मेला मैदान पर प्रदर्शन शुरू कर दिया। ट्रक चालकों ने कहा कि सरकार ने उन्हें कानून लागू न करने को लेकर गुमराह किया है जबकि यह कानून लागू किया जा रहा है। अब सरकार जब तक आधिकारिक रूप से यह कानून रद्द करने व वापस लेने की घोषणा नहीं करेगी तब तक हड़ताल जारी रहेगी। ट्रक चालकों ने बताया वह शांतिपूर्वक प्रदर्शन करेंगे। इसके लिए उन्होंने सबसे पहले एडीएम जेएस बघेल को विरोध संबधी ज्ञापन सौंपा। उन्होंने बताया कि स्थानीय स्तर पर एसडीएम को हड़ताल के संबंध में सूचना कर दी गई है।

#### हड़ताल से पड़ सकता है बुरा असर

ट्रक ऑपरेटर की हड़ताल का आगामी तीन-चार दिन बाद असर देखने शुरू हो जाएगा। जिला मुख्यालय से कपास, मिर्च व अनाज के अलावा कपड़ा, हार्डवेयर सामग्री व खानपान की सामग्री का बड़े पैमाने पर परिवहन होता है। ऐसे में ट्रको की आवाजावी नहीं होने के कारण व्यापारियों समेत कई आम लोगों को समस्या का सामना करना पड़ सकता है।

# स्वामी विवेकानंद व्याख्यान माला

### महाविद्यालयीन विद्यार्थियों के बीच हुआ प्रबोधन कार्यक्रम



**खंडवा।** 13 जनवरी से प्रारंभ होने वाले स्वामी विवेकानंद व्याख्यान माला के पूर्ववर्ती कार्यक्रमों में गुरुवार को विभिन्न महाविद्यालय एवं कोचिंग संस्थानों ऋषियों, दिव्य ऋषियों का भारत, प्रभु श्री राम और स्वामी विवेकानंद विषय पर प्रबोधन के कार्यक्रम हुए । वक्ताओं द्वारा सैकड़ो विद्यार्थियों को इन विषयों पर उद्बोधन देते हुए भारतीय संस्कृति की विशेषताएं बताई एवं व्याख्यान माला में आने का आमंत्रण दिया गया । कार्यक्रम संयोजक डॉ दीपेश उपाध्याय ने बताया कि महाविद्यालयों एवं कोचिंग संस्थानों में हुए कार्यक्रम में प्रवीण शर्मा, संतोष तिवारी, दीपेश उपाध्यक्ष, संदीप चौहान, डॉ सचिन पाटील, हर्षा शर्मा, अमित गुरबानी सहित अन्य वक्ताओं ने अपने उद्बोधन दिए । 12 जनवरी को निकलेगी भव्य श्रीराम शोभायात्रा विवेकानंद व्याख्यान माला के तत्वावधान में एक विशाल श्रीराम रथ यात्रा का आयोजन किया गया है । यह राम दरबार की जीवंत झांकी वाली शोभा यात्रा बैंड-बाजों, भजन मंडली के साथ शाम 5:00 बजे स्थानीय पार्वती बाई धर्मशाला से प्रारंभ होकर नगर के मुख्य मार्गो से होते हुए नगर निगम पहुंचेगी जहां पर दीपोत्सव का कार्यक्रम होगा । कार्यक्रम संयोजक रितेश चौहान एवं शुभम अग्रवाल ने नगरजन से सपरिवार, मित्रों सहित यात्रा में सम्मिलित होने का आग्रह किया हैं।

### ट्रैफिक जागरुकता के लिए पुलिस की पहल...

# हेलमेट पहनकर पुलिस ने निकाली बाइक रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खरगोन

सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के तहत जिला पुलिस ने खरगोन में जन जागरूकता बाइक रैली निकाली। इसमें सड़क हादसा को रोकने के लिए लोगों को बाइक चलाते समय हेलमेट पहनने का संदेश दिया। गुरुवार दोपहर 1 बजे एडिशनल एसपी के नेतृत्व में हेलमेट, सीटबेल्ट लगाओ जागरूकता रैली निकाली गई। डीआरपी लाइन से निकली बाइक रैली को एएसपी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में थाना प्रभारी बीएल मण्डलोई, यातायात थाना प्रभारी देवेंद्र परिहार सहित कोतवाली, यातायात थाना, डीआरपी लाइन के पुलिसकर्मी शामिल हुए। रैली में हेलमेट पहने पुलिसकर्मियों ने शहरभर में भ्रमण किया। बाइक रैली के दौरान पुलिस ने लोगो को हेलमेट पहनने के लिए जागरूक किया गया। इस दौरान बिना हेलमेट चला रहे चालको को हाथ जोड़



आगे से बिना हेमलेट के बाइक नहीं चलाने की नसीहत दी। यातायात थाना प्रभारी देवेंद्र परिहार ने कहा कि सड़क दुर्घटना में जिले में हुए मौत के आंकड़े चौंकाने वाले हैं। इस कारण जिले की पुलिस लोगों के बीच जागरूकता अभियान चला रही है। इसके माध्यम से लोग ट्रैफिक नियमों का पाठ पढ़ पाएंगे। साथ ही नियमों को तोड़ने वालों पर अब कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी।

#### सुरक्षित यात्रा के लिए नियम पालन जरूरी

अभियान के तहत लोगों को वाहन चलाते समय नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। यदि लोग नियमों का पालन करेंगे तो सम्भावित हादसे रोके जा सकते हैं। वाहन चालक सुरक्षित सफर करे इसलिए पुलिस नियमों का पालन करा रही है।

**तरुणेन्द्र सिंह बघेल,** एएसपी खरगोन।